

RNI : PBHIN/25/A4135

साप्ताहिक

# सत्ता संदेश

सम्पादक : जितेंद्र कुमार Website : www.sattasandesh.com You Tube : @sattasandesh25 The Power of Print...

वर्ष : 2 अंक : 13 30 मार्च, 2026 मूल्य रु : 5 पृष्ठ : 8 Email : sattasandesh25@gmail.com Post Registration - LDM/0010/2025-26



कुछ दिनों में रसोई में मौजूद... 7

युवा खिलाड़ी धोनी से प्रभावित हुए... 8

प्रधानमंत्री की 'मन की बात' का 132वां एपिसोड

## युद्ध के बीच अफवाहों से बचें, एकजुट होकर चुनौती का सामना करें : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच वहां रहने वाले भारतीयों को दी गई मदद के लिए खाड़ी देशों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भारत वैश्विक ईंधन संकट का डटकर सामना कर रहा है। अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड में, मोदी ने राजनीतिक दलों और नागरिकों से अपील की कि वे पश्चिम एशिया संघर्ष का राजनीतिकरण न करें और अफवाहें फैलाने से बचें। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण पैदा हुई वैश्विक उथल-पुथल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर काफी घटनापूर्ण रहा है। अतीत में, कोविड के कारण पूरी दुनिया को लंबे समय तक कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। हम सभी को उम्मीद थी कि कोविड संकट से उबरने के बाद, दुनिया एक नई शुरुआत के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगी।

लेकिन दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध और संघर्ष की स्थितियां लगातार बनी रहीं।



फिलहाल, हमारे पड़ोस में पिछले एक महीने से भीषण युद्ध चल रहा है। लाखों परिवारों के रिश्तेदार इन देशों में रहते हैं, और खासकर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का आभारी हूं कि उन्होंने वहां रहने वाले एक करोड़ से अधिक भारतीयों को हर तरह की मदद मुहैया कराई। पूरी दुनिया में पेट्रोल और डीजल को लेकर एक संकट गहरा रहा है।

हमारे वैश्विक संबंध, विभिन्न देशों से हमें मिलने वाला समर्थन, और पिछले एक दशक में हमने जो ताकत हासिल की है, उसकी बदौलत भारत इन चुनौतियों का डटकर सामना करने में सक्षम है। ये निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण समय हैं। आज, मन की बात के माध्यम से, मैं एक बार फिर अपने सभी ● शेष पृष्ठ 2 पर

### पीएम मोदी चुनाव प्रचार के लिए केरल का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के उद्देश्य से रविवार को केरल पहुंचेंगे और पलक्कड में एक रैली एवं त्रिशूर में एक रोड शो करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने बताया कि मोदी अपराह्न करीब ढाई बजे पलक्कड के फोर्ट मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमें हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं के भाग लेने की संभावना है। रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्र के राजग उम्मीदवारों के शामिल होने की संभावना है।

## ईरान के समर्थन में सड़कों पर उतरे लाखों लोग





**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

अमेरिका और यूरोप में शनिवार को 'नो किंग्स' रैलियों के तहत हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इन प्रदर्शनों का मुख्य निशाना Donald Trump की नीतियां और Iran के खिलाफ चल रहा युद्ध रहा था। Minnesota इस आंदोलन का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा, ● शेष पृष्ठ 2 पर

### अभी नहीं रुकेगा युद्ध, ईरानी सेना को लंबे समय तक अपंग करेंगे : उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक बड़ा और चिंताजनक बयान देते हुए कहा है कि United States



ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को कुछ समय और जारी रखेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका का मकसद Iran को लंबे समय तक सैन्य रूप से कमजोर करना है। एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान वेंस ने कहा कि अमेरिका अपने ज्यादातर सैन्य लक्ष्यों को हासिल कर चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री से उप-मुख्य सचेतक ने की भेंट

**शिमला/सत्ता संदेश**

उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बजट 2026-27 में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने आज यहां मुख्यमंत्री से भेंट कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सरकार की पहल के लिए आभारस्वरूप 'कचनार' के फूल भेंट किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 71 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

### पंजाब में 31 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब में 31 मार्च दिन मंगलवार को सरकारी छुट्टी घोषित की गई है। इस दिन राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी ऑफिस बंद रहेंगे। असल में, पंजाब सरकार के कैलेंडर के अनुसार, मंगलवार, 31 मार्च को महावारी जयंती मनाई जा रही है। इस दिन राज्य में पब्लिक हॉलिडे रहेगा और सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी संस्थान बंद रहेंगे। इससे पहले, गुरुवार, 26 मार्च को भी रामनवमी के त्योहार के कारण राज्य में पब्लिक हॉलिडे घोषित किया गया था। अब, एक और सरकारी छुट्टी 31 मार्च को आई है।

### जान बचाने के लिए पहली मंजिल से कूदे, 4 लोग घायल

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में शनिवार देर रात एक इमारत में लगी आग से बचने के लिए पहली मंजिल से कूद जाने के कारण दो साल के बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि भूतल पर खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में आग लगने के बाद छह मंजिला इमारत में धुआं भर गया और इमारत से आठ लोगों को बचाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना भजनपुरा के पास चांद बाग इलाके के एफ ब्लॉक स्थित एक मकान में रात करीब ढाई बजे हुई।

### महानगर में समय से पहले डेंगू की दस्तक

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

इस मौसम में समय से पहले डेंगू ने दस्तक देकर स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों को चौंका दिया है कब तक डेंगू के 50 के करीब मरीज सामने आ चुके हैं इस बेमौसमी प्रकोप से स्वास्थ्य अधिकारी भी हैरान है स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकतर मरीजों को संदिग्ध श्रेणी में रखा है अधिकारियों के कहना है कि आमतौर पर डेंगू का प्रकोप सर्दी शुरू होने के दिनों में होता है परंतु समय से पहले शुरू हुए प्रकोप से अंदाजा हो रहा है कि आने वाले दिनों में डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं स्थानीय अस्पतालों की रिपोर्ट को देखकर तो अब तक 50 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।

## भारी हिमस्खलन के बाद पुलिस ने बरामद किए मृतकों के शव

**गांदरबल/सत्ता संदेश**

ज़ोजिला दर्रे पर आए भीषण हिमस्खलन के बाद चलाए गए व्यापक बचाव अभियान का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। गांदरबल पुलिस ने अभियान के दौरान बरामद किए गए मृतकों के शवों को कारगिल प्रशासन को सौंप दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह राहत और बचाव अभियान अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चलाया गया, जिसमें खराब मौसम, भारी बर्फबारी और दुर्गम इलाके जैसी बाधाओं के बावजूद कई एजेंसियों ने मिलकर युद्धस्तर पर कार्य किया। पुलिस ने इस दौरान आम जनता और यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और ज़ोजिला मार्ग पर यात्रा करते समय जारी किए गए ट्रैफिक एडवाइजरी का सख्ती से पालन करें। विशेष रूप से खराब मौसम की स्थिति में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि क्षेत्र ● शेष पृष्ठ 2 पर

## रूस 1 अप्रैल से किसी भी देश को नहीं बेचेगा पेट्रोल

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

दुनियाभर के ऊर्जा बाजार में मची उठापटक के बीच रूस ने एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा फैसला लिया है। अपनी घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए रूसी सरकार ने आगामी 1 अप्रैल से देश से बाहर पेट्रोल यानी गैसोलीन भेजने पर पूरी तरह रोक लगाने का मन बना लिया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स और रूसी समाचार एजेंसी तास के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, यह पाबंदी कोई दो-चार दिनों के लिए नहीं, बल्कि पूरे चार महीने यानी 31 जुलाई तक प्रभावी रह सकती है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने इस संबंध में ऊर्जा मंत्रालय को एक औपचारिक प्रस्ताव तैयार करने का सख्त निर्देश भी दे दिया है।



### आखिर क्यों लिया रूस ने इतना कड़ा फैसला?

रूस के इस कदम के पीछे गहरे अंतरराष्ट्रीय और कूटनीतिक कारण छिपे हैं। दरअसल, मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी तनाव ने पूरी दुनिया में तेल की कीमतों को अस्थिर कर दिया है, जिससे रूसी बाजार पर भी दबाव बढ़ रहा है। उप प्रधानमंत्री नोवाक का मानना है कि हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूसी तेल की मांग बहुत ज्यादा है।

## मां के सामने ही दोस्त को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

देश की राजधानी के निहाल विहार इलाके में बीते दिन सरेराह एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी वारदात को महिला के अपने ही बेटे ने अंजाम दिया। आरोपी को शक था कि उसकी मां और मृतक के बीच अवैध संबंध हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर को कंट्रोल रूम में सुमित नाम के युवक का फोन आया जिसने बताया कि उसके भाई की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब तफ्तीश शुरू की तो वारदात के पीछे की कहानी सुनकर हर कोई दंग रह गया।

जांच में सामने आया कि मृतक अमन आरोपी रोहित की मां के साथ पश्चिम विहार से निहाल विहार की ओर जा रहा था। इसी दौरान आरोपी रोहित अचानक अपनी बाइक पर वहां पहुंचा। उसने आव देखा न ताव और अपनी ● शेष पृष्ठ 2 पर

## जमीनी हमला हुआ तो ताबूत में लौटेंगे सैनिक : ईरान

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। ईरान के प्रमुख अंग्रेज़ी अखबार Tehran Times ने अपने फ्रंट पेज पर Welcome to Hell लिखकर अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि अगर अमेरिकी सैनिक ईरानी जमीन पर उतरे, तो वे ताबूत में ही वापस जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, Donald Trump प्रशासन मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 अतिरिक्त सैनिक भेजने पर विचार कर रहा है।



यह कदम अमेरिका को युद्ध में ज्यादा सैन्य विकल्प देगा, खासकर ऐसे समय में जब क्षेत्र में पहले से ही हजारों सैनिक और मरीन तैनात किए जा चुके हैं। हालांकि ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि शांति वार्ता अच्छी चल रही है और जमीनी हमले की संभावना कम है, लेकिन सैन्य तैयारियां कुछ और ही संकेत दे रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन सैनिकों ● शेष पृष्ठ 2 पर

### बिहार पुलिस पोर्टल पर मिलेंगी 11 ऑनलाइन सेवाएं

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

अब आम लोगों को छोटी-छोटी पुलिस सेवाओं के लिए थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार ने डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करते हुए एक ऐसा ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिससे घर बैठे कई जरूरी काम आसानी से किए जा सकेंगे। किराएदार, घरेलू सहायक या वाहन चालक का सत्यापन कराना हो, किसी लापता या अपहृत व्यक्ति की जानकारी देनी हो या फिर खोई हुई चीज़ की रिपोर्ट करनी हो—अब ये सब काम ऑनलाइन किए जा सकेंगे।

## कश्मीर में बर्फबारी, मुख्य मार्ग बंद

**बांदीपोरा/सत्ता संदेश**

उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे गुरेज सेक्टर के कुछ हिस्सों में आम जनजीवन ठप हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि तुलेल घाटी में लगभग 2 इंच बर्फ़बारी दर्ज की गई, जबकि राजदान टॉप पर लगभग 4 इंच बर्फ़ गिरी।

खराब मौसम और लगातार बारिश और बर्फ़बारी के पूर्वानुमान को देखते हुए, अधिकारियों ने एहतियाती कदम के तौर पर 85 किलोमीटर लंबी रणनीतिक बांदीपोरा-गुरेज़ सड़क पर वाहनों की



आवाजाही रोक दी है। उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह फ़ैसला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और फिसलन भरी सड़कों और कम विज़िबिलिटी के बीच किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा, बांदीपोरा-गुरेज़ सड़क पर आवाजाही अगले आदेश तक बंद रहेगी। प्रशासन ने ● शेष पृष्ठ 2 पर

## पश्चिमी एशिया में होटल व्यवसाय को लगा बड़ा झटका

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण एक तरफ जहां पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। वहीं, होटल व्यवसाय को भारी नुकसान हो रहा है। Dubai, Doha जैसे बड़े शहरों में होटलों की बुकिंग तेजी से घटकर कई जगह एक अंक तक पहुंच गई है। लोग अब इस क्षेत्र में घूमने या व्यापार के लिए जाने से बच रहे हैं।

Global Hotel Alliance के ष्टश्वह्र क्रिस्टोफर हार्टली के अनुसार, यात्रा कम होने के साथ-साथ फ्लाइट्स भी कम हो गई हैं, जिससे होटल व्यवसाय संकट में है। उन्होंने बताया कि दुबई के अलावा Bahrain, Doha, Kuwait, Saudi Arabia, Jordan और Israel भी बुरी तरह प्रभावित हैं। यह संघर्ष United States और Israel के गठबंधन और Iran के बीच तनाव के कारण बढ़ा है। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर बड़ा असर पड़ा है और होटल व एयरलाइंस ● शेष पृष्ठ 2 पर

## रक्षा मंत्री द्वारा पश्चिम एशिया की स्थिति और उसके असर की समीक्षा के लिए बैठक

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 28 मार्च, 2026 को पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर नजर रखने और वहां हो रहे घटनाक्रमों के जवाब में सक्रिय उपायों की सिफारिश करने के लिए गठित मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की पहली बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-2 में आयोजित इस बैठक में वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण; संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू; पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी; विद्युत मंत्री श्री



मनोहर लाल; रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा; उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी; नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू; और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भाग लिया।

बैठक के हिस्से के तौर पर, सचिवों के सात अधिकार प्राप्त समूहों (ईजीओएस) ने प्रस्तुतीकरण दिए, जिनमें चिह्नित प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों और स्थिति को संभालने के लिए पहले से लागू नीतिगत उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। श्री राजनाथ सिंह ने ईजीओएस को स्थिति की बारीकी से निगरानी जारी रखने, मध्यम से दीर्घकालिक तैयारी का दृष्टिकोण अपनाने, उच्च-स्तरीय समन्वय बनाए रखने और त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी नीतिगत प्रयास आपस में तालमेल के साथ होने चाहिए और उन्हें समय-सीमा के भीतर लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने यह ● शेष पृष्ठ 2 पर

### शहर में बेखौफ घूम रहे झपटमारों ने मचाया कोहराम

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

महानगर में बेखौफ घूम रहे झपटमारों ने शनिवार की शाम को गणेश नगर रोड पर जमकर कोहराम मचाया। बाइक सवार तीन बदमाशों ने पहले एक व्यक्ति का मोबाइल छीना और फिर भागते समय सड़क किनारे खड़े एक मासूम बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में बच्चा खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा, जबकि संतुलन बिगड़ने के कारण बदमाशों की सप्लेंडर बाइक भी मौके पर ही फिसल गई। मौके पर मौजूद लोगों का गुस्सा उस समय फूट ● शेष पृष्ठ 2 पर

## सोते समय श्रद्धालुओ पर मंदिर की छत का गिरा हिस्सा, एक की मौत

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले से एक दुखद हादसे की खबर सामने आई है। समायपुरम स्थित प्रसिद्ध मरियम्मन मंदिर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंदिर परिसर के एक मंडप की छत का हिस्सा अचानक गिर गया। यह घटना सन्नाथी स्ट्रीट मंडपम में हुई, जहां कई श्रद्धालु दर्शन के लिए आने के बाद आराम कर रहे थे। हादसे में तंजावुर जिले की रहने वाली 32 वर्षीय महिला नादिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से उन्हें तिरुचिरापल्ली के महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, घटना अचानक हुई, जिससे वहां ● शेष पृष्ठ 2 पर

## जैक से उठाया जा रहा घर गिरा, 3 मजदूरों की मौत

**बरनाला/सत्ता संदेश**

नजदीकी गांव फरवाही में जैक से ऊंचा उठाया जा रहा एक घर आज सुबह गिर गया, जिस कारण 4 मजदूर मलबे में दब गए। इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई और एक मजदूर को मलबे से निकालने की कोशिश जारी है। घर गिरने की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए, जिन्होंने गुरुद्वारा साहिब और डेरा बाबा थम्मन सिंह में इस घटना के बारे में अनाउंसमेंट करवाई ताकि तुरंत मदद बुलाई जा



सके। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को भी तुरंत सूचित किया गया।

जानकारी के मुताबिक गांव फरवाही के निवासी विशाल पुत्र स्वर्गीय जीवन कुमार का पिछले काफी दिनों से जैक से घर उठाया जा रहा था, जिसका आज सुबह करीब 4.15 बजे अचानक लेंटर गिर गया और घर के अंदर मौजूद 4 मजदूर मलबे में दब गए। घटना का पता चलते ही गांव वाले बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाने के ड्यूटी ऑफिसर कुलवंत सिंह समेत पुलिस पार्टी भी मौके पर पहुंच गए।

उन लोगों की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का काम शुरू किया गया। मलबे में दबा एक मजदूर घायल हालत में मदद के लिए आवाज लगा रहा था। बड़ी मशक्कत के बाद तीन मजदूरों को बाहर निकाला गया और अलग-अलग एंबुलेंस ● शेष पृष्ठ 2 पर

## पत्नी से तंग आए पति ने उठाया खौफनाक कदम

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

महानगर में घरेलू क्लेश के चलते एक और हंसता-खेलता घर उजड़ गया। एक विवाहित युवक विक्रमजीत ने अपनी पत्नी की कथित प्रताड़ना और मानसिक परेशानी के चलते मौत को गले लगा लिया। युवक ने की रात अपने कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची थाना दरेसी की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने मृतक की मां सरबजीत कौर की शिकायत पर आरोपी पत्नी काजल और राज रानी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए बयानों में मृतक विक्रमजीत की मां ने बताया कि उनके बड़े बेटे विक्रमजीत की शादी काजल नाम की युवती के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ● शेष पृष्ठ 2 पर

CMYK

## न्यूज़ ब्रीफ

### एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा से संबंधित समाचार रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

सरकार के संज्ञान में आया है कि कुछ समाचार रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में एलपीजी रिफिल बुकिंग की संशोधित समय–सीमा का दावा किया जा रहा है। इनमें पीएमयूवाई कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर–पीएमयूवाई सिंगल बॉटल कनेक्शन के लिए 25 दिन और गैर–पीएमयूवाई डबल बॉटल कनेक्शन के लिए 35 दिन बताया जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है। रिफिल बुकिंग की मौजूदा समय–सीमा पूर्ववत बनी हुई है।

### बिल को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को दी बधाई

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल और इस बिल को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई दी । ङ्ग पर जारी एक पोस्ट मे श्री अमित शाह ने कहां फ्रदेश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह हमारी पार्टी की सरकार की स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारी पार्टी की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

### पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की संस्थाओं में वित्तीय चूक

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट संख्या 29/2025 में वित्तीय अनियमितताओं को उजागर किया गया है, जिसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा निजी हवाई अड्डा संचालकों से मौसम संबंधी शुल्कों और वैधानिक करों के रूप में 7.28 करोड़ रुपये की वसूली न होना और भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) द्वारा अनिवार्य अनुमोदन के बिना भवनों पर कब्जा करने के लिए लगाए गए 1.58 करोड़ रुपये के जुर्माने का विवरण शामिल है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर किया संबोधन

# दुनिया के अनेक जहाज होर्मुज़ स्ट्रेट में फंसे हुए हैं, जिनमें बहुत बड़ी संख्या में भारतीय क्रू मेंबर्स हैं

■ **ऐसी चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील घड़ी में, यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत की संसद के इस उच्च सदन से संपूर्ण विश्व के लिए शांति और संवाद का एक साझा एवं एकजुट स्वर गूँजे**




नई दिल्ली/सत्ता संदेश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज राज्यसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी इस युद्ध ने एक गंभीर वैश्विक ऊर्जा संकट उत्पन्न कर दिया है, जिसका भारत पर चिंताजनक प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि यह संघर्ष भारत के व्यापारिक मार्गों को बाधित कर रहा है और पेट्रोल, डीजल, गैस तथा उर्वरकों जैसी आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति को प्रभावित कर रहा है। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां कार्यरत लगभग एक करोड़ भारतीयों की सुरक्षा और जीविका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे गहरी चिंता का विषय बताया। साथ ही, उन्होंने होर्मुज़ स्ट्रेट में जहाजों पर फंसे बड़ी संख्या में भारतीय चालक दल के सदस्यों की स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। सदन को आश्वस्त करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक समुदाय को यह मजबूत संदेश देते हुए कहा कि ऐसी चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील परिस्थितियों में, यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत की संसद के इस गरिमामय उच्च सदन से संपूर्ण विश्व के लिए शांति और संवाद का एक साझा एवं एकजुट स्वर गूँजे।

युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत के सक्रिय कूटनीतिक प्रयासों का विवरण देते हुए प्रधानमंत्री ने सदन को सूचित किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अधिकांश पश्चिम एशियाई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो दौर की टेलीफोन वार्ता की है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत सभी खाड़ी देशों के साथ-साथ ईरान, इजराइल और अमेरिका के साथ भी निरंतर संपर्क में है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का मुख्य उद्देश्य संवाद और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली है। इस दिशा में, तनाव कम करने और होर्मुज़ स्ट्रेट को पुनः खोलने के विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई है।

भारत के दृढ़ रुख पर बल देते हुए उन्होंने घोषणा की कि वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में गतिरोध उत्पन्न करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। भारत ने आम नागरिकों, सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा ऊर्जा और परिवहन से जुड़े संसाधनों पर होने वाले सभी हमलों का स्पष्ट रूप से विरोध किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वैश्विक शांति का आह्वान करते हुए कहा, ÷इस युद्ध में मानवीय जीवन के लिए कोई भी खतरा मानवता के हितों के विरुद्ध है, इसीलिए भारत का निरंतर प्रयास है कि सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रोत्साहित किया जाए।

# शिवराज चौहान द्वारा वैश्विक संकट के बीच कृषि क्षेत्र की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु उच्च स्तरीय बैठक



नई दिल्ली/सत्ता संदेश

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपने निवास पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय कृषि क्षेत्र और किसानों के हितों की रक्षा करना तथा आगामी खरीफ सीजन के लिए रणनीतिक तैयारी सुनिश्चित करना था।

बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हमें संकट के समय सक्रिय भूमिका निभानी है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने उर्वरकों (फर्टिलाइजर) की न्यायसंगत और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को %फार्मर आईडी% के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि वितरण व्यवस्था पारदर्शी हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ बैठक भी करेंगे।

वैश्विक संकट का लाभ उठाकर खाद और बीजों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकारों को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में सीड्स (बीज) सुखाने के लिए आवश्यक गैस और एग्रो-केमिकल्स की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैश्विक संकट में पैकेजिंग सामग्री (विशेषकर दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए) की कमी न हो। इसके लिए उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय और संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी दिए।

कृषि क्षेत्र की पल-पल की निगरानी के लिए एक %विशेष सेल% का गठन किया भी गया है। यह सेल खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता की साप्ताहिक रिपोर्ट केंद्रीय कृषि मंत्री को प्रस्तुत करेगा। बैठक के अंत में श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव संसाधन समय पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भूकंप की संवेदनशीलता और जोखिम को कम करने के लिए उठाए गए कदम

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

सरकार ने भविष्ये य में आने वाले भूकंपों को समझने के लिए देश में कई वैज्ञानिक अध्ययन किए हैं। ये अध्ययन मुख्य रूप से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अपने संबद्ध कार्यालय, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के माध्यम से, अन्य वैज्ञानिक संस्थानों और शैक्षणिक संगठनों के सहयोग से किए जाते हैं।

वर्तमान में इन अध्ययनों में 169 भूकंपीय वेधशालाओं वाले राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क (एनएसएन) के माध्यम से भूकंपीय गतिविधि की निरंतर निगरानी, भूकंप स्रोत मापदंडों का विश्लेषण, भूकंपीय जोखिम आकलन और प्रमुख शहरों में सूक्ष्म क्षेत्रीकरण अध्ययन शामिल हैं। सरकार ने भूपर्पटी विरूपण, फॉल्ट मैपिंग, पुराभूकंप विज्ञान और भूकंप पूर्वसूचक अध्ययनों से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं को भी समर्थन दिया है। सरकार ने भूकंप संबंधी अध्ययनों के लिए बजट में प्रावधान किए हैं। इन अध्ययनों को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की जाती है, जिनमें भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान जैसे व्यापक कार्यक्रम और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पृथ्वी योजना शामिल हैं।

भूकंपीय नेटवर्क को मजबूत करने, अनुसंधान परियोजनाओं, सूक्ष्म क्षेत्रीकरण अध्ययनों और क्षमता निर्माण के लिए धनराशि आवंटित की जाती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र (एनसीएस) ने भूकंप के जोखिम और संवेदनशीलता को कम करने के लिए सरकार की पहलों के तहत, राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं। इसके विस्तार और आधुनिकीकरण से हितधारकों और आम जनता तक भूकंप संबंधी जानकारी का प्रसार बेहतर होता है, जिससे भूकंप आपदा और जोखिम आकलन प्रतिक्रिया में सुधार होता है।

# राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी का आयोजन



नई दिल्ली/सत्ता संदेश

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र (हृष्टहृस्न), गाजियाबाद द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24-25 मार्च 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, कृषि अधिकारियों, किसान उत्पादक संगठनों, जैव-इनपुट निर्माताओं, प्रगतिशील किसानों तथा छात्रों ने भागीदारी की।

दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन नई दिल्ली स्थित उर्वरक संघ के महानिदेशक डॉ. एस.के. चौधरी ने किया। उन्होंने मृदा की उर्वरता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण और उत्पादन लागत को कम करने के लिए प्राकृतिक कृषि एवं जैविक कृषि को बढ़ावा देने में प्राकृतिक संसाधनों की भूमिका पर बल दिया। विशिष्ट अतिथियों में मत्स्य पालन विभाग के महानिदेशक डॉ. जे.के. जेना ने मत्स्य पालन में जैविक कृषि की भूमिका पर चर्चा की और डॉ. वेलू मुरुगन ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन में प्राकृतिक संसाधनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि पद्म श्री नेक राम शर्मा ने पिछले 30 वर्षों में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अपनी सफलता की कहानी सुनाई। तकनीकी सत्र में डॉ. रवि शंकर ने प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने में विज्ञान की भूमिका प्रस्तुत की और अन्य वक्ताओं अर्थात् प्रगतिशील किसानों ने भी प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं। संगोष्ठी में डीजी एफएआई श्री एस के चौधुरी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। तकनीकी सत्र का मुख्य केंद्र प्राकृतिक खेती के पीछे का विज्ञान है, जहां सभी प्रस्तुतकर्ता 2047 -विकसित भारत के निर्माण के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत

## पृष्ठ 1 का शेष

**युद्ध के बीच...**

देशवासियों से आग्रह करूंगा कि हम एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करें, प्रधानमंत्री ने आगे कहा। इसके अलावा, विपक्ष पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि स्वार्थ भरी राजनीति की कोई जगह नहीं है। जो लोग इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यह मुद्दा 140 करोड़ भारतीयों के हितों से जुड़ा है, और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग अफवाहें फैला रहे हैं, वे देश को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से यह भी अपील करना चाहूंगा कि वे सतर्क रहें और अफवाहों से गुमराह न हों।

**ईरान के समर्थन...**

जहां बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर विरोध जताया। Saint Paul में कैपिटल लॉन पर हुई मुख्य रैली में मशहूर गायक Bruce Springsteen भी शामिल हुए।

ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने लोगों की हिम्मत की सराहना की और संघीय एजेंसियों की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने अपने गीत के जरिए मृतकों के प्रति शोक जताया और कहा कि यह आंदोलन पूरे देश के लिए उम्मीद की किरण है। यह विरोध केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा। New York City जैसे बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक लोग सड़कों पर उतर आए।

**भारी हिमस्खलन...**

में स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**मां के सामने...**

मां की आंखों के सामने ही अमन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अमन लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और आरोपी रोहित मौके से फरार हो गया।

**जमीनी हमला हुआ...**

को ईरान के नजदीक रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया जा सकता है, जैसे Kharg Island, जो ईरान का प्रमुख तेल निर्यात केंद्र है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है, तो वह पूरे क्षेत्र में जवाब देगा। इसमें यमन में उसके सहयोगी हूती विद्रोहियों को सक्रिय करना शामिल हो सकता है, जो रेड सी में जहाजों पर हमले कर सकते हैं। स्थिति और गंभीर इसलिए भी है क्योंकि Strait of Hormuz पहले से ही तनाव में है। अगर संघर्ष यहां या रेड सी तक फैलता है, तो वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ सकता है। इसी बीच Israel ने तेहरान और बेरूत में हमले तेज कर दिए हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान और Hezbollah से जुड़े ठिकानों को निशाना बना रहा है।

**कश्मीर में बर्फबारी...**

एक एडवाइज़री जारी कर निवासियों और यात्रियों से इस रास्ते पर अनावश्यक आवाजाही से बचने और मौसम में सुधार होने तथा सड़क को यातायात के लिए सुरक्षित घोषित किए जाने तक आधिकारिक निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है।

**पश्चिमी एशिया...**

को भारी नुकसान हो रहा है। World Travel and Tourism Council के मुताबिक, इस क्षेत्र में हर दिन लगभग 600 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है। दुबई, दोहा और Abu Dhabi जैसे बड़े एयर ट्रांजिट हब भी प्रभावित हुए हैं, जहां पहले रोज़ लाखों यात्री आते-जाते थे। भारत से भी बड़ी संख्या में लोग पश्चिम एशिया जाते हैं।

**रक्षा मंत्री द्वारा...**

सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित मंत्रियों से रचनात्मक सुझाव भी मांगे कि भारत मजबूत और तैयार बना रहे।

आईजीओएम ने राज्यों और जिला प्रशासनों के साथ करीबी तालमेल की अहमियत को फिर से दोहराया, साथ ही अहम नीतिगत पहलों की जानकारी समय पर जनता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। अलग-अलग उद्योगों पर मौजूदा हालात के असर का आकलन करने की जरूरत पर भी चर्चा की गई।

**शहर में बेफौफ...**

पड़ा जब उन्होंने बदमाशों को भागने की कोशिश करते देखा। दो झपटमार तो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से रफूचक्कर होने में कामयाब रहे, लेकिन उनका एक साथी पब्लिक के हत्थे चढ़ गया। फिर क्या था, गुस्साई भीड़ ने पकड़े गए आरोपी की जमकर छित्तर-परेड की और उसकी सारी बदमाशी हवा कर दी।

**सोते समय श्रद्धालुओं...**

मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि छत गिरने की वजह क्या थी।

**जैक से उठाया...**

से सिविल अस्पताल बरनाला में भर्ती कराया गया। वे बेहोश थे लेकिन अस्पताल में उन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। लोग चौथे मजदूर को मलबे से निकालने के लिए मलबा हटा रहे थे।

**पत्नी से तंग...**

काजल ने विक्रमजीत को मानसिक रूप से परेशान करना शुरू कर दिया था। छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करना और घर में क्लेश रखना उसकी आदत बन गई थी। जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि काजल पिछले करीब 2 महीने से अपने मायके में रह रही थी। पत्नी के दूर जाने और बार-बार मिलने वाली मानसिक प्रताड़ना से विक्रमजीत बुरी तरह टूट चुका था।

# केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी की अध्यक्षता में भारी उद्योग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक नई संसद भवन में आयोजित



नई दिल्ली/सत्ता संदेश

भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) की परामर्शदात्री समिति की बैठक आज नई दिल्ली के नई संसद भवन में केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मिनिस्ट्री ऑफ हेवी इंडस्ट्रीज के सचिव श्री कमरान रिजवी; नीति आयोग की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अंशु भारद्वाज; तथा बीएचईएल के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री के. सदाशिव मूर्ति, साथ ही एमएचआई, नीति आयोग और बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान, केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के मार्गदर्शन में, भारत एक सतत भविष्य की ओर अग्रसर हो रहा है। 'विकसित भारत-2047' भारत को वैश्विक विनिर्माण शक्ति और उच्च मूल्य के निर्यात केंद्र के रूप में परिवर्तित करने का एक व्यापक रोडमैप है। ध्यान स्वदेशी नवाचार और बड़े पैमाने पर विनिर्माण उत्कृष्टता के माध्यम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में राष्ट्र को एक महत्वपूर्ण नोड के रूप में स्थापित करने पर है।

दृष्टिकोण स्पष्ट है : मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में बीएचईएल के योगदान की भी सराहना की। बैठक के दौरान, बीएचईएल के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री के. सदाशिव मूर्ति द्वारा वंदे भारत की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

### तमिलनाडु में मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2018–19 से देश में मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 7522.48 करोड़ रुपये की कुल निधि के साथ मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (एफआईडीएफ) लागू किया है। एफआईडीएफ के तहत , पात्र संस्थाओं (ईई) को, जिनमें राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश, राज्य संस्थाएं और अन्य हितधारक शामिल हैं, चिन्हित मत्स्य पालन अवसंरचना सुविधाओं के विकास के लिए रियायती वित्त प्रदान किया जाता है। मत्स्य विभाग एफआईडीएफ के अंतर्गत नोडल ऋण देने वाली संस्थाओं (एनएलई) द्वारा 5 प्रतिशत प्रति वर्ष से कम ब्याज दर पर रियायती वित्त प्रदान करने के लिए 3 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज सब्सिडी प्रदान करता है।

# ई-ग्रामस्वराज एवं पंचायतों का डिजिटल सशक्तिकरण

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के कामकाज में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और जवाबदेही को मज़बूत बनाने के उद्देश्य से संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

डिजिटल पंचायतों की शुरुआत और ग्रामीण शासन में बदलाव लाने के विजन से, माननीय प्रधानमंत्री जी ने 24 अप्रैल, 2020 को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल (https://egramswaraj.gov.in) का शुभारंभ किया था। ई-पंचायत एमएमपी के भाग के रूप में विकसित ईग्रामस्वराज ऐप ने पंचायत स्तर पर डिजिटल आयोजना, लेखांकन, निगरानी और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया को आसान बनाया है। ईग्रामस्वराज, पंचायतों को अपनी वार्षिक पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) को ऑनलाइन तैयार करने और अपलोड करने की सुविधा प्रदान करता है।

इसके अलावा, %ई-ग्राम स्वराज का सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएम) के साथ एकीकरण होने से विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को वास्तविक-समय में भुगतान करना संभव हो गया है, जिससे निधियों का सुचारू रूप से प्रवाह सुनिश्चित होता है और भुगतान में होने वाली देरी कम होती है। इसके अलावा, मंत्रालय ने ई-पंचायत एमएमपी के तहत कई अन्य ऐप भी विकसित किए हैं।

# ट्राई ने अहमदाबाद, गांधीनगर, वडोदरा और अहमदाबाद राजमार्ग पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया

नई दिल्ली/सत्ता संदेश

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिए फरवरी 2026 के महीने के दौरान अहमदाबाद, गांधीनगर, वडोदरा और अहमदाबाद राजमार्ग (गुजरात एलएसए में) पर आयोजित स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ये स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट विभिन्न उपयोग परिवेशों ङ्क शहरी क्षेत्रों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के वास्तविक मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को मापने के लिए किए गए। इस प्रकार के ड्राइव टेस्टिंग में, 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सेशन किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके सेशन की तते क्षण निगरानी और विश्लेषण किया जाता है। ड्राइव टेस्ट के दौरान एकत्रित डेटा का विशेष उपकरणों का उपयोग करके विश्लेषण किया जाता है, और इस विश्लेषण के आधार पर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाती है।

ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से गुजरात के एलएसए क्षेत्र में 2 फरवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक 462.4 किलोमीटर में 14 प्रमुख स्थानों, अहमदाबाद और गांधीनगर में 2.5 किलोमीटर के पैदल मार्ग तथा वडोदरा से अहमदाबाद राजमार्ग पर 95.3 किलोमीटर के विस्तृत ड्राइव टेस्ट आयोजित किए।

# खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने लैक्रोस टीमों से 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखने का किया आह्वान



नई दिल्ली/सत्ता संदेश

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में आयोजित एशियाई लैक्रोस खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को बधाई दी और उनसे कड़ी मेहनत जारी रखने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए श्री मांडविया ने लैक्रोस जैसे उभरते खेलों में दृढ़ संकल्प, अनुभव और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर दिया। श्री मांडविया ने कहा, लैक्रोस भारत के लिए एक उभरता हुआ बड़ा खेल है। यह आपका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अनुभव था और आप पहले ही पदक जीत चुके हैं। अब आपका ध्यान और अधिक मेहनत करने, अधिक अनुभव प्राप्त करने और लॉस एंजिल्स 2028 के लिए क्वालीफाई करके देश को गौरवान्वित करने पर केंद्रित होना चाहिए। श्री मांडविया यह भी कहा कि सरकार खेलो इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से खिलाड़ियों का समर्थन करती रहेगी, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जुनून और दृढ़ता ही सफलता की कुंजी हैं।

इस फरवरी में सऊदी अरब के रियाद में आयोजित एशियाई लैक्रोस खेलों में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों और महिलाओं दोनों के सिक्स फॉर्मेट में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने फाइनल मैच में क्रमशः इराक और पाकिस्तान को हराया।

भारतीय महिला लैक्रोस टीम ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया, जबकि पुरुष टीम ने 2025 में पदार्पण किया, जिससे यह सफलता और भी महते वपूर्ण हो जाती है। भारत की इस जीत की एक खास बात यह थी कि इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, ओडिशा, असम, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नाकाबंदी में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: स्कूटी से 121 ग्राम चरस बरामद, युवक गिरफ्तार

**शाहतलाई/सत्ता संदेश**
शाहतलाई-दियोटसिद्ध सड़क पर सिद्धांचल होटल के समीप पुलिस द्वारा लगाई गई नाकाबंदी के दौरान नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक संदिग्ध स्कूटी को रोककर जांच की। पूछताछ में चालक ने अपना नाम जितेन्द्र कुमार (25) निवासी गांव झंझियानी, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर बताया। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की से 121.2 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### मिलावट का मामला : जांच को भेजे तेल के सैंपल

**देहरा गोपीपुर/सत्ता संदेश**
क्षेत्र में राशन डिपो के तेल में कथित मिलावट का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर मामला तेजी से वायरल होने के बाद प्रशासन को भी कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ा। लोगों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए फूड विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फूड इंस्पेक्टर ने शिकायतकर्ता की मौजूदगी में तेल के सैंपल भरे। इन सैंपलों को अब जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। विभाग का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

### आधुनिक कृषि तकनीकों से रू-ब-रू हुए छात्र

**शिमला/सत्ता संदेश**
टीएस नेगी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिकांगपिओ के उन्नत भारत अभियान सेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र रिकांगपिओ के सहयोग से पौधों के न्यूट्रिशन मैनेजमेंट और कैनोपी मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उन्नत भारत अभियान सेल के समन्वयक डाक्टर मोहित फानयान, प्रोफसर देव राज नेगी और ज्योति शर्मा ने किया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डाक्टर अरुण ने कैनोपी मैनेजमेंट के तकनीकी पहलुओं पर बताया कि पौधों के सही ढांचागत प्रबंधन से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है।

# शहीद दिवस पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरु को की श्रद्धांजलि अर्पित

## युवाओं से स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**शिमला/सत्ता संदेश**
शहीद दिवस के अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर लोक भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अमर शहीदों के अदम्य साहस, देशभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति समर्पण को नमन करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का जीवन और बलिदान युवाओं को साहस, प्रतिबद्धता और निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। इनकी देशभक्ति का जज्बा और राष्ट्रीय एकता के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और सभी को इन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।



राज्यपाल ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और स्वतंत्र भारत की नींव रखी। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

शहीद भगत सिंह की विरासत से अपने व्यक्तिगत जुड़ाव का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने उनके दो भतीजों के साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब उनके पिता फिरोजपुर में कार्यरत थे उस समय वह हर वर्ष 23 मार्च को शहीदों की याद में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले के लिए हुसैनीवाला राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाते थे। राज्यपाल ने इस बात पर बल दिया कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा से योगदान देगा। राष्ट्र को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प ही इन महान शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने युवोओं का आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन और त्याग की भावना के साथ राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित करें।

इसके उपरान्त, राज्यपाल ने लोक भवन के कर्मचारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को गरिमा और परंपराओं का निर्वहन करते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि वे कर्मचारियों से नियमित रूप से संवाद करेंगे ताकि उनकी समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से समझा जा सके और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# कांगड़ा के विधायकों ने बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीएम सुक्खू का किया आभार व्यक्त

**शिमला/सत्ता संदेश**
कांगड़ा जिले के कांग्रेस विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट कर वर्ष 2026-27 के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती और दिशा देने वाले दूरदर्शी, जनोन्मुखी तथा परिवर्तनकारी प्रावधानों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर विधायकों ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार सरकार ने अपने वित्तीय संसाधनों को गांवों, गरीबों और किसानों के कल्याण के लिए प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गाय के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध का मूल्य 71 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। इसके अतिरिक्त दूध को संग्रहण केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन सहायता राशि 3 रुपये से बढ़ाकर 6 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश में भेड़ पालकों को ऊन के लिए 100 रुपये प्रति किलोग्राम का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जाएगा, जिससे इस वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं और जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्का का 50 रुपये प्रति किलोग्राम तथा हल्दी का 150 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है, जबकि अदरक को पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर 30 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिले के ढगवार में 200 करोड़ रुपये की लागत से दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नाहन और नालागढ़ में भी लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रगतिशील कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया सहित विधायक किशोरी लाल, आशीष बुटेल, संजय रत्तन, मलेंदर राजन, कमलेश ठाकुर और संजय अवस्थी भी उपस्थित थे।

# नन्हे बच्चों ने 'आह टमाटर' पर मचाया धमाल

**कुल्लू/सत्ता संदेश**
यूरोकिड्स इंटरनेशनल प्री स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लिटिल हैंड्स, बिग चेंज थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्री-नर्सरी और नर्सरी कक्षाओं के छोटे बच्चों ने बम्बल बी डांस और लोकप्रिय आहा टमाटर प्रस्तुति सहित ऊर्जावान कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्साह को और बढ़ाते हुए बच्चों ने विभिन्न जानवरों की वेशभूषा में रैंप वॉक भी किया, जो कार्यक्रम के पर्यावरण संदेश से रचनात्मक रूप से जुड़ा हुआ था।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के प्रेरणादायक सत्र भी आयोजित किए गए। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त डाक्टर श्रुति मोरे भारद्वाज ने प्रारंभिक बाल्यावस्था में स्क्रीन के प्रभाव के गंभीर मुद्दे पर प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्क्रीन एक तरफा संवाद प्रदान करती है जिसमें कोई प्रतिक्रिया नहीं होती और दो वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम से बचने तथा छह वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे तक सीमित रखने की सलाह दी। इस अवसर पर समाजसेवी कृति कात्रा ने जीवन के हर चरण में, विशेष रूप से बच्चों के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया।

वरिष्ठ संवाददाता अभिनव ने प्रारंभिक वर्षों में बहुआयामी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक प्री स्कूल शिक्षा अब केवल अक्षरों और अंकों तक सीमित नहीं रही है। उन्होंने बताया कि खेल-खेल में होने वाली गतिविधियों, जैसे मंच प्रस्तुतियों के माध्यम से समग्र विकास से बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल, समन्वय और रचनात्मकता का विकास होता है।

# भाषा राष्ट्र की आत्मा है, युवाओं से मातृभाषा पर गर्व करने का आह्वान : राज्यपाल

**शिमला/सत्ता संदेश**
राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नागपुर स्थित महर्षि व्यास सभागार में आयोजित भारतीय युवा संसद के राष्ट्रीय सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का आयोजन भारतीय युवा संसद-मीडिया फाउंडेशन और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में देशभर से लगभग 600 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर सार्थक लोकतांत्रिक विचार-विमर्श किया।

युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी राष्ट्र की भाषाएं केवल संचार का माध्यम नहीं होती, बल्कि वे उसकी आत्मा, स्मृति और जीवंत पहचान होती है। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी में मातृभाषा में संवाद को लेकर बढ़ती झिझक पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे गंभीर सांस्कृतिक चेतावनी बताया। उन्होंने कहा, ''अंग्रेजी सीखना स्वागत




योग्य है, लेकिन अपनी भाषा की कीमत पर नहीं।'' उन्होंने कहा कि जो बच्चा अपनी मातृभाषा में सोचता है, वह अधिक रचनात्मक, आत्मविश्वासी और अपनी संस्कृति से गहराई से जुड़ा होता है।

रउन्होंने भारत की समृद्ध भाषाई विविधता कश्मीरी, डोगरी, पहाड़ी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला, मराठी, गुजराती और संस्कृत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि सत्र में बहुभाषीय सहभागिता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सजीव अभिव्यक्ति है।

राज्यपाल ने युवाओं से 'पंच परिवर्तन स्वबोध (आत्म-जागरूकता एवं स्वदेशी भावना), कुटुंब प्रबोधन (परिवार संस्था को सुदृढ़ करना), सामाजिक समरसता (सभी वर्गों में सद्भाव), पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्य (कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन) को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं अंबोटा की निशु

**गगरेट/सत्ता संदेश** : हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बनकर उभरे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा महिला उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच जिला ऊना के अंबोटा गांव की निशु सूद आज आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल स्वयं आर्थिक मजबूती हासिल की, बल्कि दर्जनों महिलाओं को स्वरोजगार से जोड र उनके जीवन में आत्मविश्वास और नई उम्मीद का संचार किया है। निशु सूद द्वारा तैयार की गई चटनियों और अचार का स्वाद अब केवल ऊना तक सीमित नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ बाहरी राज्यों के लोग भी उनके उत्पादों को पसंद कर रहे हैं। बाजार से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया ने उनके इस प्रयास को एक सफल महिला उद्यम की पहचान दिलाई है। निशु सूद ने 'गणेश स्वयं सहायता समूह' के माध्यम से अपने उद्यम की शुरुआत की। शुरुआत में महज 8 महिलाओं के साथ शुरू हुआ यह प्रयास आज लगभग 70 महिलाओं को जोड़ चुका है। समूह द्वारा वर्तमान में करीब 60 प्रकार की चटनियां और अचार तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें कटहल, सहजन, करेला, नींबू, गाजर, आम, आंवला और जामुन सहित कई पारंपरिक स्वाद शामिल हैं।

### भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर सफर रिस्की

**मणिकर्ण/सत्ता संदेश** : जिला कुल्लू की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी की सड़क पर सफर करना आफत से कम नहीं हैं। वाहन चालक को मार्ग पर वाहन चलाते समय परेशानी का सामना करना पड़ता। वहीं, यात्री भी इस सड़क पर सफर करते हुए परेशान हो रहे हैं। वर्ष 2023 और 2025 की बरसात के दौरान से लेकर मार्ग की हालात काफी खराब हो गई है। कहीं पर सड़क के ऊपर खतरा बना हुआ है तो कहीं पर सड़क भूस्खलन होकर क्षतिग्रस्त हो गई है। हालांकि लोक निर्माण विभाग जैसे ही सड़क बंद होती है तो, तुरंत मार्ग बहाल करता है। लेकिन भुंतर से मणिकर्ण सड़क पर चार-पांच प्वाइंट खतरनाक बने हुए हैं। यहां पर जहां मार्ग काफी संकरा हो गया है। वहीं, हर दिन जाम की स्थिति पैदा होती है। जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपदा का कहर ने घाटी की सड़क को डैमेज कर रखा है। जिसके जख्म भरने सरकार और प्रशासन को किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। जहां-जहां सड़क भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुई है, उसका मरम्मत कार्य चला हुआ है। सरसाड़ी ढांक के पास भी डंगा दिया जा रहा है।

### टमक की थाप पर आज से लिदबड़ मेले का होगा आगाज

**नगरोटा बगवां/सत्ता संदेश** : नगरोटा बगवां का ऐतिहासिक राज्य स्तरीय पांच दिवसीय लिदबड़ मेला मंगलवार को टमक की थाप पर शुरू होगा । मेले का शुभारंभ उत्तरी रेंज की पुलिस प्रमुख आईपीएस सौम्या सामवशिवन करेंगी । इस दौरान माता नारदा-शारदा मंदिर में पूजा- अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ झंडा रस्म अदा की जाएगी, इससे मेले की गतिविधियों को हरी झंडी दी जाएगी। पांच दिवसीय मेले के दौरान आयोजित गतिविधियों का खुलासा करते हुए मेला प्रमुख उपमंडलीय अधिकारी मुनीश शर्मा ने बताया कि 24 और 28 मार्च को कुश्तियां आयोजित होंगी, जबकि 25 से 27 मार्च तक धमाकेदार सांस्कृतिक संध्याएं मेले का मुख्य आकर्षण होंगी, जिसमें प्रदेश और दूसरे राज्यों के नामी कलाकार अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे । इस रोज स्टार गायक के रूप में ठाकुर दास राठी अपनी प्रस्तुति देंगे । 26 मार्च का मेला महिलाओं के लिए समर्पित होगा जिसमें महिलाओं के मनोरंजन के लिए तंबोला ए रस्साकस्सी ए मटका फोड़ ए लेमन स्पून रेस ए पेंटिंग आदि कई प्रकार की खेलें तथा सांस्कृतिक आयोजन होंगे । महिलाओं का झमाकड़ा भी आयोजन का आकर्षण होगा जबकि मेले में आई महिलाओं के लिए मेंहदी लगाने की खास तौर पर प्रशासन द्वारा की गई है। इस दिन जिला की कई प्रतिष्ठित महिला अधिकारी कार्यक्रम में गरिमापूर्ण शिरकत करेंगी तथा बर्षा कटोच ए पूनम भारद्वाज आदि अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगी।

### राजस्व मंत्री ने जांचा एकलव्य आवासीय विद्यालय निचार

**शिमला/सत्ता संदेश** : किन्नौर जिला के निचार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का दौरा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों के साथ बैठक की और विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही गुणवत्तायुक्त शिक्षा को और सुदृढ़ करने बारे गहनता के साथ विचार-विमर्श किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में निर्माणाधीन विभिन्न कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और जल शक्ति विभाग को सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के आवास में रह रहे बच्चों से सीधा संवाद स्थापित किया, उन्हें मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व विद्यार्थियों से उन्हें मिल रही सुविधाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतांजलि भूषण ने कैबिनेट मंत्री को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी और विद्यालय की समस्याओं से भी अवगत करवाया। इस मौके पर उप-पुलिस अधीक्षक निचार राज कुमार, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति अभिषेक शर्मा, निचार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बीर सिंह नेगी व अन्य उपस्थित थे।

# बजट जारी, फिर भी घालूवाल सोमभद्रा पुल का काम बंद

**ऊना/सत्ता संदेश**
घालूवाल-सोमभद्रा पुल का निर्माण अभी तक भी शुरू न होना लोगों की समझ से परे होता जा रहा है। सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए बजट जारी किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। विभागीय लापरवाही और बार-बार टाले जा रहे आश्वासनों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण के लिए कुल 36 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 18.50 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी ठेकेदार को जारी की जा चुकी है।



इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम शुरू नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा पहले नए साल पर कार्य शुरू करने की बात कही गई थी, लेकिन अब इसे अगले सत्र तक टालने का हवाला दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसकी खराब स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। 1962 में स्वां नदी पर बने इस पुल ने अब तक 62 बरसातें झेली हैं और इसकी संरचना काफी कमजोर हो चुकी है। दो-तीन वर्ष पहले भी भारी बारिश के चलते पुल की स्थिति बिगड़ गई थी, जिसके कारण करीब 16 दिनों तक यातायात पूरी तरह बंद रहा था। विशेष रूप से 9 जुलाई 2023 की सुबह हुई भारी बारिश ने पुल की नींव को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया था।

### श्रद्धांजलि स्थल जीर्णोद्धार उपरांत जनता को समर्पित

**शिमला/सत्ता संदेश**
आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रैक) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम ने आज शिमला में अनाडेल स्थित आर्मी हेरिटेज म्यूजियम में जीर्णोद्धार कार्यों के उपरांत श्रद्धांजलि स्थल जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने 52 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। यह विशाल तिरंगा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और गौरव का प्रतीक है। आर्मी हेरिटेज म्यूजियम, शिमला के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है और यहां वर्षभर भारी संख्या में पर्यटक पधारते हैं। इस समारोह में आरट्रैक के अधिकारियों, जवानों, स्टेशन यूनिट्स, पूर्व सैनिकों तथा एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डलहौजी के सुभाष चौक के पास मार्ग धंस जाने से लोगों को पेश आ रही दिक्कत

**डलहौजी/सत्ता संदेश**
पर्यटन नगरी डलहौजी के सुभाष चौक के समीप सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल के गेट के पास हाल ही में हुई बारिश के कारण सडक़ का एक हिस्सा धंस जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का पुलिस प्रशासन की ओर से हल कर दिया गया। गौरतलब है कि सुभाष चौक से कोर्ट रोड होते हुए पत्रेणी मार्ग पर सामान्यतः यातायात वन-वे रहता है, लेकिन कान्वेंट स्कूल के पास सडक़ धंसने के कारण दोनों दिशाओं से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी। संकरी सडक़ होने के चलते जाम की समस्या और बढ़ गई थी, जिससे अस्पताल, एसडीएम कार्यालय तथा आसपास के होटलों में ठहरे पर्यटकों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सोमवार सुबह डलहौजी के डीएसपी मयंक शर्मा ने ट्रैफिक इंचार्ज एएसआई विशम्बर सिंह और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभाली। पुलिस ने कोर्ट रोड पर एक तरफ खड़े वाहनों को हटवाया, जिससे दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही सुचारू हो सकी डीएसपी मयंक शर्मा ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि कान्वेंट स्कूल के पास सडक पर डंगा (सपोर्टिंग वाल) निर्माण कार्य पूरा होने तक पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ताकि विशेष रूप से अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि डलहौजी पुलिस स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों की सुविधा के लिए हर समय तत्पर है तथा सभी से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# पनारसा कालेज में सालाना समारोह की धूम, होनहारों पर बरसे इनाम

**कुल्लू/सत्ता संदेश**
राजकीय महाविद्यालय पनारसा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंकज राय उप निदेशक प्रशासन पीजीआई चंडीगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर शैफाली प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली ने भी शिरकत की। इसके अतिरिक्त डाक्टर चारु आहलूवालिया तथा प्रोफेसर नरेश कमल सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। बीए तृतीय वर्ष में तनिशा ने ओवरऑल प्रथम तथा प्रिया ठाकुर ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बीकॉम तृतीय वर्ष में लक्ष्मी ने ओवरऑल प्रथम तथा श्रेया ने ओवरऑल द्वितीय स्थान हासिल किया। द्वितीय वर्ष में वंशिका ने ओवरऑल प्रथम तथा ललिता ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रथम वर्ष में सीमा ने ओवरऑल प्रथम तथा पूजा ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य पुरस्कार विजेताओं में ईशा ठाकुर, यश पाल, शिवानी, गुलशाना, संगीता, मधु, प्रियंका ठाकुर, चारु, मोनिका ठाकुर, सौरभ शर्मा, भूमे राम, तुषार कुमार तथा हीना ठाकुर शामिल रहे।

# शुद्ध पेयजल व हर खेत तक सिंचाई योग्य जल पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : अग्निहोत्री

## बद्दी में राज्य स्तरीय जल महोत्सव आयोजित, जल शक्ति विभाग कर रहा 10 हजार योजनाएं कार्यान्वित

**शिमला/सत्ता संदेश**
उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सभी को शुद्ध पेयजल एवं हर खेत तक सिंचाई योग्य जल पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल शक्ति विभाग सतत् क्रियाशील है। मुकेश अग्निहोत्री आज सोलन ज़िला के दून विधानसभा क्षेत्र के बद्दी में विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय जल महोत्सव समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उप-मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को 24ग7 कार्यरत



रहने के लिए प्रशंसा की और आशा जताई कि विभाग सभी तक जल पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

उन्होंने इस अवसर पर दून तथा नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र को विभिन्न ट्यूबवेल संवर्धन एवं स्थापित करने के लिए 2-2 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। इनमें से 1-1 करोड़ रुपये जल शक्ति विभाग द्वारा तथा 1-1 करोड़ रुपये बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा देना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने दून तथा नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग के सुचारू कार्यान्वयन के लिए 50-50 अतिरिक्त पद भरने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 45-45 पद भरे गए हैं।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि नालागढ़-बद्दी राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन कार्य की निविदा का मुद्दा केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी के समक्ष उठाया जाएगा ताकि यह कार्य शीघ्र आरम्भ हो सके।

संपादकीय

मिडिल ईस्ट से भागा दुनिया का सबसे बड़ा वॉरशिप

# ईरान ने तोड़ा अमेरिका का घमंड !

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच एक बड़ा और चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिका का सबसे ताकतवर और दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर USS Gerald R. Ford (CVN–78) अब फ्रंटलाइन से पीछे हट गया है। जिस वॉरशिप को अमेरिका अपनी समुद्री ताकत का ब्रह्मास्त्र मानता था, वही अब मरम्मत और आराम के लिए ग्रीस के क्रीट स्थित बेस की ओर लौट गया है। इस कदम को कई विश्लेषक ईरान के बढ़ते दबाव और जंग के बदलते समीकरण से जोड़कर देख रहे हैं।

इस युद्धपोत का पीछे हटना सिर्फ एक सामान्य सैन्य मूव नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे अमेरिका की रणनीतिक थकान और दबाव का संकेत बताया जा रहा है। पिछले कई महीनों से यह जहाज लगातार मिडिल ईस्ट में सक्रिय था और हजारों ऑपरेशनों का हिस्सा रहा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब 12 मार्च को जहाज के अंदर आग लग गई। इस आग ने जहाज के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया और क्रू के रहने की व्यवस्था को भी प्रभावित किया। करीब 30 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन इसके बाद जहाज को मरम्मत के लिए हटाना जरूरी हो गया।

इसके अलावा, यह वॉरशिप करीब 9–10 महीने से लगातार तैनात था, जबकि सामान्य तैनाती 6 महीने की होती है। लंबे समय तक समुद्र में रहने से क्रू की थकान और मनोबल पर असर पड़ा। तकनीकी समस्याओं जैसे टॉयलेट सिस्टम और अन्य सुविधाओं में खराबी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। रणनीतिक नजरिए से देखें तो यह जहाज इजरायल के पास तैनात होकर एक मजबूत卐सुरक्षा ढाल卐 की भूमिका निभा रहा था। इसके हटने से उस इलाके में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इसकी जगह USS George H.W. Bush (CVN–77) को तैयार रखा गया है ताकि ऑपरेशन जारी रह सके। इस पूरे घटनाक्रम को ऐसे समय में देखा जा रहा है जब मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। ईरान की लगातार आक्रामक रणनीति और क्षेत्रीय दबाव ने हालात को और जटिल बना दिया है। ऐसे में अमेरिका का सबसे बड़ा वॉरशिप पीछे हटना कई सवाल खड़े करता है क्या यह सिर्फ तकनीकी मजबूरी है या फिर बदलती रणनीति का संकेत?हालांकि, आधिकारिक तौर पर अमेरिका ने इसे मरम्मत और रोटेशन का हिस्सा बताया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह दिखाती है कि जंग अब एक नए मोड़ पर पहुंच रही है।

कोलंबिया प्लेन क्रैश

# मरने वाले सैनिकों का आंकड़ा 100 पार

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए भयानक एयरफोर्स विमान हादसे के बाद अब जांच और राहत कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एयरफोर्स का ष्ट–130 हरक्यूलिस सैन्य विमान टेकऑफ के दौरान क्रैश हो गया, जिसमें 110 सैनिकों की मौत की आशंका है। यह हादसा अमेज़न क्षेत्र में पेरू सीमा के पास हुआ, जिससे पहुंच और संचार बड़ी चुनौती बन गया है। विमान में 125 लोग सवार थे । शुरुआती जांच में इंजन फेल, ओवरलोड या पायलट एरर जैसी वजहें सामने आ रही हैं।

- राहत टीमों ने कई शव बरामद किए हैं, लेकिन आधिकारिक संख्या अभी जारी नहीं हुई।
- कुछ घायल सैनिकों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।
- अब तक कई लोगों को जिंदा निकाला गया, लेकिन कई अभी भी लापता है।
- घने जंगल और दलदली जमीन के कारण ऑपरेशन धीमा पड़ रहा है।

**ब्लैक बॉक्स की तलाश** : जांच टीम का सबसे बड़ा फोकस अब विमान के ब्लैक बॉक्स (Flight Data Recorder ¥õÚU Cockpit Voice Recorder) को ढूंढने पर है। इससे विमान की आखिरी मिनटों की गतिविधि पता चलेगी। पायलट और कंट्रोल टॉवर के बीच बातचीत का रिकॉर्ड मिलेगा और तकनीकी खराबी की सटीक वजह सामने आएगी। अधिकारियों का कहना है कि ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद ही असली कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**अब तक सामने आए शॉकिंग एंगल**

- टेकऑफ के तुरंत बाद पावर लॉस
- रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने उड़ान भरते ही अचानक ऊंचाई खोनी शुरू कर दी।
- इससे इंजन फेल या पावर लॉस का शक मजबूत हुआ है।
- कुछ चश्मदीदों ने बताया कि विमान से धुआं निकल रहा था यानि गिरने से पहले आग की लपटें दिखीं।

**इंजन ब्लास्ट या फ्यूल लीक**

- भारी लोड और संतुलन की जांच।
- विमान में बड़ी संख्या में सैनिक और सामान था।
- जांच एजेंसियां देख रही हैं कि कहीं ओवरलोड या गलत लोडिंग तो नहीं हुई।

**मौसम भी शक के दायरे में**

अमेज़न क्षेत्र में अचानक तेज बारिश, कम विजिबिलिटी और तेज हवाएं टेकऑफ के दौरान खतरा बढ़ा सकते है। कोलंबिया सरकार ने सैन्य और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बनाई हैं जो एयरफोर्स, एविएशन एक्सपर्ट्स और सुरक्षा एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं। यह हादसा कोलंबिया के लिए एक बड़ी त्रासदी बन गया है। सैनिकों के परिवार अपने प्रियजनों की खबर का इंतजार कर रहे हैं।

सत्ता संदेश

RNI : PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूजपेपर 'सत्ता संदेश' (हिन्दी साप्ताहिक), ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558/1 अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल अस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब - 141008 से छपवाकर अपने आफिस पीएल-42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब - 141015 से प्रकाशित किया।

Publisher, Editor, Owner Jitender Kumar and Printer **ASHMEET SINGH** Newspaper Title '**SATTA SANDESH**' (**HINDI WEEKLY**), Printed at Munjal Printers 1558/1 Amarpura Mata Wali Gali, Near Civil Hospital, Ludhiana, Punjab - 141008 and Published from PL 42, Vardhman Park, Chandigarh Road, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab - 141015

M. + 91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

# जल का उत्सव, जन भागीदारी का संकल्प

प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस के अवसर पर मैं सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला है—और इसका संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

जल हमारे जीवन, पारिस्थितिकी तंत्र और अर्थव्यवस्था की धुरी है। विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या और पशुधन भारत में निवास करते हैं, जबकि हमारे पास वैश्विक मीठे जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है। शहरीकरण, बढ़ती मांग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बीच जल का प्रभावी प्रबंधन आज एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है।

इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जल प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। जल शक्ति मंत्रालय की स्थापना से जल से जुड़े विभिन्न विभागों का एकीकरण हुआ है, जिससे योजनाओं के बेहतर और समन्वित क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

यह दृष्टिकोण जल के पूरे चक्र को साथ लेकर चलता है। एक ओर संरक्षण और भूजल पुनर्भरण पर बल दिया जा रहा है, वहीं बांधों और जलाशयों के माध्यम से भंडारण क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। नदी जोड़ परियोजनाएँ संतुलित जल–वितरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं। जल जीवन मिशन और कमांड एरिया विकास के आधुनिकीकरण से जल की उपलब्धता बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है, जबकि नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल गुणवत्ता सुधारने का कार्य आगे बढ़ रहा है। साथ ही, अनुसंधान, नवाचार और जन जागरूकता के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने पर भी जोर दिया गया है।

इस पूरे प्रयास का मूल भाव है– जन भागीदारी। प्रधानमंत्री जी ने जलसंचय को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। सरकार दिशा और संसाधन उपलब्ध करा सकती है, लेकिन स्थायी परिवर्तन तभी संभव है जब समाज स्वयं इसमें भागीदार बने।

जल जीवन मिशन इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुंच चुकी है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इस मिशन का एक बड़ा प्रभाव महिलाओं के जीवन में दिखाई देता है। पानी लाने के श्रम में कमी आई है, स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और शिक्षा तथा आजीविका में उनकी भागीदारी बढ़ी है। ग्राम पंचायतों और स्थानीय जल एवं स्वच्छता समितियों की भूमिका से समुदाय का जुड़ाव मजबूत हुआ है, वहीं फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की



सीआर पाटिल

निगरानी में महिलाओं की भागीदारी ने स्थानीय स्वामित्व को और सुदृढ़ किया है।

नमामि गंगे कार्यक्रम ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में जल गुणवत्ता सुधारने और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निर्मल और अविरल गंगा के साथ–साथ अर्थ गंगा और जन गंगा जैसी पहलें नदी संरक्षण को लोगों के जीवन और आजीविका से जोड़ती हैं।

कैच द रेन अभियान और जल संचय–जन भागीदारी जैसे प्रयासों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, बोरवेल रिचार्ज और चेक–डैम निर्माण जैसे कार्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

सितंबर 2024 से अब तक देशभर में 45 लाख से अधिक वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह दिखाता है कि जब सरकार और समाज साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिवर्तन व्यापक और स्थायी होता है।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं। गुजरात के बनासकांठा में डेयरी सहकारी समितियों और किसानों ने मिलकर कम लागत वाले रिचार्ज पिट बनाए हैं। छत्तीसगढ़ के कोरिया में किसानों ने अपनी भूमि का एक हिस्सा भूजल पुनर्भरण के लिए समर्पित किया है। शहरी क्षेत्रों में भी आवासीय परिसर वर्षा जल संचयन और पुन: उपयोग को अपनाने लगे हैं।

उद्योग जगत भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। जल ऑडिट, पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और वर्षा जल संचयन जैसी प्रथाओं को अपनाकर उद्योग जिम्मेदार जल प्रबंधन की दिशा में योगदान दे रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में भी जल के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में बदलाव दिखाई दे रहा है। माइक्रो–इरिगेशन, खेत स्तर पर बेहतर जल प्रबंधन और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसी पहलें न केवल किसानों की आय को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता को भी बढ़ावा देती हैं।

जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना समय की मांग है। वर्षा जल संचयन, उपचारित जल का पुन: उपयोग और पानी की बर्बादी को रोकना—ये ऐसे कदम हैं जिन्हें अपनाकर हम अपने शहरों को अधिक जल–सुरक्षित बना सकते हैं।

भारत की जल सुरक्षा की यह यात्रा एक सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास है। यह केवल नीतियों और अवसंरचना से नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और सोच में बदलाव से ही संभव है।

आइए, इस विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण को अपनी आदत में लाएँ और अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करें। यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन केवल एक लीटर जल भी बचाए या उसका पुन: उपयोग करे, तो हम एक राष्ट्र के रूप में प्रतिदिन 140 करोड़ लीटर से अधिक जल बचा सकते हैं। जल संरक्षण को प्रयास नहीं, बल्कि स्वभाव बनाना होगा—तभी जल सुरक्षित विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा।

**(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं।)**

# भारत सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना, टैक्सी का विस्तार

भारत सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के अनुरूप सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारी क्षेत्र के सशक्तीकरण और समावेशी, नागरिक–केंद्रित मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए हैं । बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत, भारत टैक्सी की स्थापना दिनांक 6 जून, 2025 को सहकारिता के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्तर के 8 संस्थानों द्वारा की गई है । इस प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं-

**सहकारी स्वामित्व मॉडल** : इस प्लेटफॉर्म को एक बहुराज्य सहकारी समिति के रूप में संरचित किया गया है जिसमें सारथी और वाहन मालिक, सदस्य और हितधारकों के रूप में भाग लेते हैं जिससे सामूहिक स्वामित्व और शासन में भागीदारी सक्षम होती है ।

**लोकतांत्रिक शासन** : सहकारी समिति को सदस्यों द्वारा निर्वाचित निदेशक मंडल के माध्यम से प्रशासित किया जाता है जो सहभागी निर्णयन और प्रचालनों का लोकतांत्रिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित करता है । सारथी के हितों का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए दो निर्वाचित सारथी प्रतिनिधियों को निदेशक मंडल में शामिल किया जाता है ।

**सारथी केंद्रित प्लेटफॉर्म** : कमीशन–आधारित एग्रीगेटर मॉडल के विकल्प के रूप में सदस्य–स्वामित्व वाला एक डिजिटल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनाने की इस पहल का उद्देश्य सारथियों को प्लेटफॉर्म के स्वामित्व में भाग लेते हुए अपनी कमाई बनाए रखने में सक्षम बनाना है ।

**किफायती और पारदर्शी सेवाएं** : इस प्लेटफॉर्म का लक्ष्य नागरिकों के लिए पारदर्शी किराया संरचना और किफायती मोबिलिटी सेवाएं प्रदान करना है जिसमें कम आय वाले और सीमांत समूहों की पहुंच पर विशेष जोर दिया गया है ।




**डिजिटल मोबिलिटी अवसंरचना** : यह प्लेटफॉर्म राइड बुकिंग, वाहन ट्रैकिंग, डिजिटल भुगतान और ग्राहक सहायता के लिए प्रौद्योगिकी–सक्षम प्रणालियों का लाभ उठाएगा जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए दक्षता, पारदर्शिता और सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी ।

**सारथी कल याण और आजीविका सुरक्षा** : इस पहल का उद्देश्य उचित आय के अवसरों, सामाजिक सुरक्षा उपायों, सम्मानजनक कार्यस्थिति और सहकारी स्वामित्व को प्रोत साहित करना है जिससे सारथियों की आजीविका सुरक्षा सशक त हो सके ।

भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म का वित्तीय और प्रचालन संरचना सारथी –केंद्रित राजस्व मॉडल के साथ सहकारी सिद्धांतों पर आधारित है । किराया निर्धारण प्रणाली सहकारी समिति द्वारा प्रचालन लागत, निर्धारित दूरी और मौजूदा बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय किया जाता है जिससे सारथियों और सवारियों के बीच सर्वोत्तम संभव मिलान की सुविधा प्राप्त हो सके । मूल्य निर्धारण प्रणाली को पारदर्शी और विनियमित किराया सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसमें समय–समय पर समीक्षा की जाती है और सभी हितधारकों को किराया संरचनाओं की सूचना दी जाती है । भारत टैक्सी द्वारा सारथियों से कोई कमीशन नहीं लिया जाता है । सहकारी संरचना यह सुनिश्चित करती है कि लागू वैधानिक शुल्कों के उपरांत पूरी किराया राशि सीधे सारथी सदस्यों को मिले जिससे उनकी आय अधिकतम हो और एक निष्पक्ष और न्यायोचित मोबिलिटी परितंत्र को बढ़ावा मिले । यह समिति सहकारी विनियमों के अनुसार शेयर पूंजी अंशदानों, सदस्यता शुल्क और अन्य अनुमेय स्रोतों के माध्यम से संसाधन जुटाती है । भारत सरकार ने भारत टैक्सी में कोई निवेश नहीं किया है और इसका, अन्य एग्रीगेटर्स के संबंध में समान अवसर पर प्रतिस्पर्धा करने का अनुमान है ।

भारत टैक्सी वर्तमान में दिल्ली राष ट्रीय राजधानी क्षेत्र– दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ एवं द्वारका में प्रचालनरत है । भारत टैक्सी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में देश भर में टियर–2 और टियर–3 शहरों में चरणबद्ध तरीके से तहसील स्तर तक अपनी सेवाओं का विस तार करना है जिससे व्यापक भौगोलिक क्षेत्र में किफायती और सहकारिता–आधारित मोबिलिटी सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि हो ।

भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म को डिजिटल लेनदेन और एकीकृत सेवा प्रदाय का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकी–सक्षम मोबिलिटी प्रणाली के रूप में डिजाइन किया गया है । इस प्लेटफ़ॉर्म की संरचना जहां कहीं संभव हो, व्यापक मोबिलिटी परितंत्र और डिजिटल कॉमर्स संरचना के साथ भविष्य की अंतरप्रचालनीयता की अनुमति देती है। भारत टैक्सी ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से अंतरप्रचालनीय है जहां भारत टैक्सी की सेवा ओएनडीसी के डिजिहाट, बॉब राइड्स और वनटिकट मोबिलिटी डिमांड ब्रांडों में दिखाई देती है । तकनीकी रूप से कोई भी डिमांड प्लेटफॉर्म (मोबिलिटी) सेवा जो ओएनडीसी नेटवर्क पर है, विहित अनुमति के पश चात् भारत टैक्सी सेवा पर प्लग–इन कर सकती है ।

वित्तीय प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ साझेदारी के माध्यम से डिजिटल भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त, प्लेटफॉर्म ने प्रचालन पारदर्शिता और सारथी कल्याण को सशक त करने के लिए डिजिटल भुगतान एकीकरण, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और सारथियों को बीमा सहायता के लिए अनेक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन किए हैं। यह जानकारी केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

# पीएमएमएसवाई के अंतर्गत लघु स्तर के मछुआरे

केभारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आईसीएआर—केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस थान द्वारा 2022 में प्रकाशित वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लगभग 91.1 प्रतिशत समुद्री मत्स्य भंडार स्वस्थ स्थिति में हैं। यद्यपि अध्ययनों में जलवायु और पर्यावरणीय कारकों के कारण वर्ष–दर–वर्ष उतार–चढ़ाव का संकेत मिलता है, फिर भी पिछले पाँच वर्षों में समुद्री मत्स्य उत्पादन स्थिर बना हुआ है। यह उत्पादन 2020–21 में 34.76 लाख टन से बढ़कर 2024–25 में 46.15 लाख टन हो गया है, और तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा ओडीशा सहित भारत के तटीय राज्यों में समुद्री मत्स्य भंडार में गिरावट का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

निरंतर मत्स्य प्रबंधन सुनिश्चित करने और समुद्री संसाधनों के क्षरण को रोकने के लिए, सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य विभाग राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों और संबंधित पर्यावरणीय एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करता है। प्रमुख पहलों में भारत के तटीय जल क्षेत्रों में कृत्रिम चट्टानों की स्थापना, समुद्री संवर्धन कार्यक्रम, समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देना, प्रमुख प्रजनन अवधि के दौरान 61 दिनों के समान मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लागू करना, तथा समुद्री कछुओं के संरक्षण के लिए ट्रॉल जालों में टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (टीईडी) की स्थापना शामिल है। इसके अतिरिक्त, राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर मछलियों के शिकार को रोकने के उपाय लागू करने के लिए परामर्श जारी किए जाते हैं, जैसे जाल



के आकार के नियम और उनके संबंधित समुद्री मत्स्य विनियमन कानूनों (एमएफआरए) के अंतर्गत पकड़ के लिए न्यूनतम कानूनी आकार निर्धारित करना, ताकि स थायी और जिम्मेदार मत्स्य पालन कार्यप्रणालियों को बढ़ावा दिया जा सके। सरकार ने हानिकारक मछली पकड़ने की कार्य प्रणालियों, जैसे पेयर या बुल ट्रॉलिंग, तथा विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजैड) के भीतर मछली पकड़ने के लिए एलईडी या कृत्रिम रोशनी के उपयोग पर रोक लगा दी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मत स य सर्वेक्षण देश के तटीय मछली पकड़ने वाले गाँवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि मछुआरों को जिम्मेदार मत्स्य पालन के लिए एफएओ जिम मेदार मत स य पालन के लिए आचार संहिता (सीसीआरएफ) के बारे में शिक्षित किया जा सके और अवैध, अपंजीकृत तथा अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, विदेश मंत्रालय ने क्षेत्रीय समुद्री क्षेत्र, महाद्वीपीय शेल्फ, विशिष ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजैड) और अन्य समुद्री क्षेत्र कानून, 1976 के तहत विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजैड) में मत्स्य पालन का सतत दोहन नियम, 2025 अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य समुद्री इकोसिस टम के स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देना और साथ ही ईईजैड में अनछुए मत्स्य संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

(ग) और (घ) मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य विभाग द्वारा पिछले पाँच वर्षों (2020–21 से 2024–25) तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष (2025–26) के दौरान प्रमुख योजना प्रधान मंत्री मत्स्य सम पदा योजना को सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है, जिसमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडीशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। यह योजना समावेशी विकास पर केन्द्रित है, जिसमें लघु स्तर के मछुआरों को मत्स्य विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस अवधि के दौरान, मत्स्य विभाग ने 21,274.13 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली मत्स्य विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी है, जिसमें 9,189.74 करोड़ रुपये का केन द्रीय अंश शामिल है। इस योजना के अंतर्गत मछली भंडारण और परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने, कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और मछुआरों की आय बढ़ाने के लिए निम्नलिखित प्रमुख हस्तक्षेप और मूल्य श्रृंखला परियोजनाएँ/गतिविधियाँ हाथ में ली गई हैं; 59 मछली पकड़ने के बंदरगाह/मछली उतराने के केन द्र, 734 आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज, 21 आधुनिक थोक मछली बाजार, जिनमें 2 स्मार्ट थोक मछली बाजार शामिल, 202 खुदरा मछली बाजार, 6,410 मछली कियोस्क, 27,301 मछली परिवहन इकाइयाँ, जैसे- 10,924 आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, 9,412 आइस बॉक्स के साथ साइकिल, 3,915 ऑटो रिक्शा, 1,265 जीवित मछली विक्रय इकाइयाँ, 1,406 इंसुलेटेड ट्रक, 379 रेफ्रिजेरेटेड ट्रक। इसके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत अन्य प्रमुख हस्तक्षेपों में पारंपरिक मछुआरों के लिए नौकाएँ (प्रतिस्थापन) और जाल, बायो–टॉयलेट, संचार और/या ट्रैकिंग उपकरण (जैसे वीएचएफ/ट्रांसपोंडर) पारंपरिक और मोटर चालित नौकाओं के लिए, मछुआरों के लिए सुरक्षा किट का वितरण, तथा मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/कम काम की अवधि के दौरान पारंपरिक मछुआरों के लिए आजीविका और पोषण सहायता आदि शामिल हैं। यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में दी।

CMYK

## न्यूज़ ब्रीफ

### पारदर्शिता और प्रत्यक्ष लाभ वितरण को बढ़ावा देता है : गुलाब चंद कटारिया

चंडीगढ़/सत्ता संदेश
चंडीगढ़ में 24 मार्च 2026 को आयोजित आधार पारिस्थितिकी तंत्र पर उच्च स्तरीय कार्यशाला में, माननीय पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आधार को आधुनिक शासन के परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में वर्णित किया, जिसने सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता, जवाबदेही और गरिमा को काफी बढ़ाया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आधार को सीधे बैंक हस्तांतरण के साथ जोड़ने से यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी लाभ अब बिना किसी बिचौलिए के सीधे उन लाभार्थियों तक पहुँचते हैं जिनके लिए वे बने हैं। इससे उन व्यापक लीकेज की समस्या खत्म हो गई है, जिसने कभी आपदा राहत, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों जैसी कल्याणकारी योजनाओं को बुरी तरह प्रभावित किया था। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन राशन कार्ड जैसी पहलें आधार के कारण संभव हुई हैं, जो लाभार्थियों को पूरे देश में सहजता से पात्रताओं तक पहुंचने की अनुमति देती हैं।

### एनएसएस सम्मेलन का शुभारंभ, युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक सहभागिता पर जोर

चंडीगढ़/सत्ता संदेश
पंजाब एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए राज्य एनएसएस सम्मेलन का आज मोहाली, पंजाब में उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें राज्य एनएसएस अधिकारी (पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़), एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तथा विभिन्न संस्थानों से चयनित स्वयंसेवक शामिल थे। यह दो दिवसीय सम्मेलन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्यों के अनुरूप युवा-नेतृत्व वाले सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव शिक्षा, चंडीगढ़ प्रशासन उपस्थित रहीं।

# शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को 'भारत रत्न' दिए जाने की मांग की थी, पर भाजपा ने नहीं मानी ... भगवंत मान




**हुसैनीवाला (फिरोजपुर)/सत्ता संदेश**
फिरोजपुर के हुसैनीवाला में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीदों के सम्मान में उनके सपनों का 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए यहां ऐतिहासिक राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया और 24.99 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हुसैनीवाला विरासत परिसर का शिलान्यास किया गया।

देश के महान क्रांतिकारियों की गौरवशाली विरासत को याद करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह अवसर केवल उन वीरों के बलिदान को याद करने का ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और अन्याय के खिलाफ खड़े होने के दृढ़ संकल्प को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी है। उन्होंने शहीदों की महान सोच के अनुरूप पंजाब और देश की सेवा करने के अपने संकल्प को दोहराया और साथ ही इन महान स्वतंत्रता सेनानियों को अब तक भारत रत्न (सर्वोच्च सम्मान) न दिए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आज़ादी के शुरुआती वर्षों में यदि देश की बागडोर ऐसे साहसी युवाओं के हाथों में होती तो भारत की तस्वीर कुछ और ही होती। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस देश के लालची और स्वार्थी नेताओं ने जीवित रहते हुए अपने नाम पर स्टेडियम बनवा लिए, लेकिन शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव जैसे सच्चे शहीदों को सम्मानित करने के लिए आज तक कोई आगे नहीं आया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ÷इन महान क्रांतिकारियों ने कम उम्र में अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन आज़ादी के बाद सत्ता के लालचियों ने कुर्सी पर कब्जा कर लिया और खून बहाकर हासिल की गई आज़ादी का श्रेय खुद ले लिया, जिसके लिए उन्होंने कभी संघर्ष भी नहीं किया।÷

उन्होंने कहा, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव और शहीद-ए-आज़म भगत सिंह को याद करने के लिए केवल फूल ही रह गए, जबकि अन्य लोग आज़ादी की विरासत का झूठा दावा कर प्रमुख बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा, उन महान योद्धाओं को चुप कराने के लिए ही उन्हें जल्द फांसी दी गई थी, क्योंकि लोग उनके निडर विचारों के पीछे इकट्ठा होने लगे थे।

महंगी कीमत पर मिली आज़ादी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि हमारी आज़ादी कितनी महंगी थी–विभाजन के दौरान लगभग 10 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई और लाखों लोग विस्थापित हुए। उन्होंने आगे कहा, हमारे बुजुर्गों ने बहुत बलिदान दिए, लेकिन सत्ताधारी इस पीड़ा को समझने में असफल रहे हैं, क्योंकि उन्हें शहीदों की कुर्बानियों से बना तैयार देश विरासत में मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ कृतघ्न नेता अब यह दावा कर रहे हैं कि भारत को वास्तविक आज़ादी केवल 2014 में मिली, जो हमारे शहीदों का घोर अपमान है।÷ उन्होंने कहा, ÷यह हैरान करने वाली बात है कि कुछ लोग शहीद भगत सिंह को केवल एक 'समाज सेवक' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, उन्हें शहीद नहीं मानते। ऐसे प्रमाण पत्र देने वाले ये लोग कौन हैं?

# भगवंत मान सरकार कर्मचारियों की शिकायतों को शीघ्र और निष्पक्ष तरीके से हल करने के लिए प्रतिबद्ध : हरपाल चीमा



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन के रूप में आज पंजाब भर की विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों की लंबित मांगों और चिंताओं को हल करने के लिए अपने कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

इन बैठकों के दौरान वित्त मंत्री ने मेरिटोरियस स्कूल टीचर्स यूनियन, अध्यापक इंसाफ कमेटी, फायर ब्रिगेड आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन, फायर ब्रिगेड कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन तथा जंगलात विभाग वर्कर्स यूनियन सहित कई यूनियनों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ सीधी बातचीत की।

वित्त मंत्री ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उनके मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि यूनियनों द्वारा उठाई गई सभी जायज़ मांगों पर जल्द से जल्द विचार कर उनका समाधान किया जाए। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारियों के कल्याण को सुरक्षित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि उनकी जायज़ मांगों को समयबद्ध तरीके से हल किया जाए।÷

भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि कैबिनेट सब-कमेटी कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से उनकी चिंताओं को सुना और हल किया जाए। इन बैठकों के दौरान मेरिटोरियस स्कूल टीचर्स यूनियन से डॉ. टीना और अजय कुमार, अध्यापक इंसाफ कमेटी से विक्रम देव सिंह, दिग्विजय पाल शर्मा, सुखविंदर सिंह चाहल और बाज सिंह, फायर ब्रिगेड आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन से साहिब सिंह, गुरविर्यम सिंह और सुखजीत सिंह, फायर ब्रिगेड कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन से सोभा सिंह, तथा जंगलात वर्कर्स यूनियन से मख्खन सिंह वाहिदपुरी, अमरीक सिंह, जसविंदर सिंह, सतनाम सिंह, रवि कुमार और शिंदरपाल सिंह ने अपनी-अपनी यूनियनों के मुद्दे प्रस्तुत किए।

# स्पीकर कुलतार सिंह संधवां द्वारा पंजाब विधानसभा डायरी-2026 का उद्घाटन



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने आज विधानसभा सचिवालय में वर्ष 2026 के लिए पंजाब विधानसभा डायरी का आधिकारिक उद्घाटन किया। स्पीकर संधवां ने जोर देते हुए कहा कि सचिवालय ने वर्ष 2026 की इस डायरी के संस्करण को एक व्यापक संस्थागत संसाधन के रूप में तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह डायरी विधायी जिम्मेदारियों को सुव्यवस्थित ढंग से संगठित करने के लिए तैयार की गई है, ताकि सदस्यों और अधिकारियों को दैनिक संसदीय कार्यों के साथ-साथ दीर्घकालिक रणनीतिक योजना के लिए एक प्रभावी साधन उपलब्ध कराया जा सके। स्पीकर ने कहा, यह प्रकाशन एक दैनिक योजनाकार के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा। यह महत्वपूर्ण जानकारी का एक आवश्यक संग्रह है, जो आने वाले वर्ष के दौरान विधायी कार्यों के कुशल संचालन में सहायक सिद्ध होगा। इस समारोह में स कुलवंत सिंह पंडोरी, माननीय विधायक (एम.एल.ए.), राम लोक खटाना, सचिव, पंजाब विधानसभा, स्पीकर के सचिव सुरिंदर सिंह मोती तथा स्पीकर के ओ.एस.डी. मनिंदर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# जिला प्रबंधक गगनदीप रंधावा की आत्महत्या के संबंध में पंजाब भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कटारिया के राज्यपाल से मुलाकात की



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
अमृतसर के एक गोदाम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या को लेकर पंजाब में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, भाजपा ने बुधवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और केंद्र सरकार से आत्महत्या की सीबीआई जांच की सिफारिश करने की मांग की।

भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कड़े शब्दों में कहा कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर मिलीभगत का आरोप लगाया। जाखड़ ने कहा कि तीन कांग्रेस सांसदों ने अभी तक गगनदीप मामले को सीबीआई को सौंपने की याचिका पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने कहा, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि लिखित में दें, हम इसे तुरंत सीबीआई को सौंप देंगे, लेकिन तीन दिन बीत गए हैं और तीनों सांसदों ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

जाखर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे 2021 के राजा वारिंग मामले का हवाला देकर सीबीआई जांच से बच रहे हैं।

उन्होंने पूछा, ÷अगर गगनदीप मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए, तो राजा वारिंग से जुड़े आत्महत्या मामलों की भी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस नेतृत्व भगवंत मान की पैरोल पर क्यों चल रहा है?

जाखर ने यह गंभीर आरोप भी लगाया कि पंजाब सरकार के एक मंत्री ने गगनदीप रंधावा को अपने कार्यालय में बुलाकर उनका अपमान किया और इस अपमान के बाद गगनदीप ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भी इस पर आवाज उठानी चाहिए, लेकिन वे चुप हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि हम इस मामले को शांत नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, ÷हम सभी सांसदों (आप और कांग्रेस) के घरों का दौरा करेंगे। जरूरत पड़ने पर हम विरोध प्रदर्शन भी करेंगे और अमित शाह से मुलाकात भी करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. बलजीत कौर द्वारा मलोट में 16.25 करोड़ का वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट शुरू

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : मलोट विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के प्रयासों से मलोट शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।



कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरूत 2 योजना के तहत 16.25 करोड़ की लागत से मलोट शहर के लिए वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट की आज शुरुआत की गई है, जिससे लगभग एक लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत सरहिंद फीडर पर नई पंपिंग मशीनरी स्थापित की जाएगी तथा लीकेज के कारण खराब हो चुकी 8300 मीटर पुरानी पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही शहर के हर कोने तक पानी पहुंचाने के लिए लगभग 20 किलोमीटर नई पाइपलाइन भी डाली जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के अंतर्गत लगभग 3000 घरों को नए हाउस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, जिससे लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होगा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे मलोट के निवासियों को पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

### हरदीप सिंह मुंडियां ने 14 उम्मीदवारों को तरस के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज यहां पंजाब भवन में विभाग में तरस के आधार पर 14 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। विभाग में शामिल हुए नए



उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विभाग में ग्रुप 'सी' और 'डी' की ये नियुक्तियां राज्य सरकार की नीति के तहत की गई हैं, जो प्रभावित परिवारों को सहायता देने और इन परिवारों के योग्य आश्रितों को समय पर रोज़गार उपलब्ध कराने पर आधारित है। उन्होंने बताया कि कुल 14 उम्मीदवारों में से दो को क्लर्क, 9 को सेवादार, एक को सहायक सेवादार, एक को जूनियर तकनीशियन और एक को सहायक (तकनीकी) के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए दृ ता से वचनबद्ध है और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नियुक्ति पत्रों के वितरण पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ये उम्मीदवार राज्य की प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगे।

### अमन अरोड़ा द्वारा डी.ए.वी. कॉलेज में 3-दिवसीय कारवां 2026 का शुभारंभ

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री तथा आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रधान श्री अमन अरोड़ा ने यहां डी.ए.वी. कॉलेज, सेक्टर-10 में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कारवां 2026 का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस पर संस्थान की ओर से शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर जन सभा को संबोधित करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने सांस्कृतिक महत्व और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए संस्थान की सराहना की। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में शहीद भगत सिंह की विचारधारा की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को अन्याय के विरुद्ध इस क्रांतिकारी योद्धा के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ अन्य ज्ञान अर्जित करने के लिए भी उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम केवल शहीदों को ही नहीं, बल्कि उनके संकल्पों को भी याद करते हैं। शहीद भगत सिंह ने औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और शोषण, भूखमरी तथा असमानता से मुक्त समाज का सपना देखा।



# टी.बी. लाइलाज नहीं, सभी सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज मुफ्त : शिवदुलार सिंह ढिल्लों

- रेड क्रॉस भवन में मनाया विश्व टी.बी. दिवस
- टी.बी. के मरीजों को पोषण किटें भी बांटी गई



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
विश्व टी.बी. दिवस के मौके पर आज स्थानीय रेड क्रॉस भवन में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब के सचिव शिवदुलार सिंह (रिटा. आई.ए.एस.) मुख्य अतिथि और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) दिव्या पी. विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब के सचिव शिवदुलार सिंह ने कहा कि टी.बी. पूरी तरह इलाज योग्य है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच और इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि टी.बी. के लक्षण होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में इसकी जांच जरूर करवानी चाहिए। उन्होंने विश्व टी.बी. दिवस के मौके पर लोगों, विशेषकर युवाओं को टी.बी. की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प लेने का आह्वान किया।

इससे पहले अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) दिव्या पी. ने जिला प्रशासन द्वारा टी.बी. के खात्मे के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। सिविल अस्पताल से चेस्ट विशेषज्ञ डा. रघु सभरवाल ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी हो, भूख कम लगती हो और लगातार वजन घट रहा हो तो उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल में जरूर जांच करवानी चाहिए।

इस मौके पर एच.एम.वी. कॉलेज की विद्यार्थी सीजल ने जहां टी.बी. संबंधी अपने विचार साझा किए, वहीं विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक पेश करके टी.बी. की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाई। समारोह के दौरान टी.बी. के मरीजों को पोषण किटें भी वितरित की गई।

इस मौके पर जिला टी.बी. अधिकारी डा. परमवीर सिंह, स्टेट टी.बी. कोऑर्डिनेटर राविया, सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी सुरजीत लाल, जिला टी.बी. कोऑर्डिनेटर शीनू, परमिंदर बेरी, सुरिंदर सिंह काहलों, लेखाकार नेक राम, सुनील कुमार, एडवोकेट राकेश कुमार और इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना यह सुनिश्चित करती है कि वित्तीय या प्रशासनिक बाधाओं के कारण इलाज में देरी न हो : डॉ. बलबीर सिंह



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज प्राप्त करने वाले नवजात और छोटे बच्चों की बढ़ती संख्या के साथ, भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि नाजुक समय में चिकित्सा सहायता बिना किसी देरी के शुरू हो।

श्री मुक्तसर साहिब में 1 साल की बच्ची ख्वाहिश को निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। पहले ऐसे कई मामलों में परिवारों को इलाज शुरू होने से पहले धन की व्यवस्था करना, दस्तावेज पूरे करना या मंजूरी का इंतजार करना पड़ता था। हालांकि, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत इस अंतर को समाप्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य कार्ड पहले से बना होने के कारण दीप अस्पताल में डॉ. मोनिका गर्ग की निगरानी में बिना किसी अग्रिम भुगतान के तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया।

परिवार को न तो पैसों की व्यवस्था करनी पड़ी और न ही सत्यापन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा, जिससे डॉक्टरों को नाजुक समय में इलाज शुरू करने में मदद मिली। छोटे बच्चों के मामलों में थोड़ी सी देरी भी जटिलताएं पैदा कर सकती है, लेकिन उपचार तक त्वरित पहुंच ने यह सुनिश्चित किया कि बच्ची को समय पर देखभाल मिली और वह सुरक्षित रूप से स्वस्थ हो गई।

# भगवंत मान सरकार की 'खेल क्रांति' ने पंजाब को अंतरराष्ट्रीय खेल नक्शे पर उभारा

## हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के साथ पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा पंजाब



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 'शानदार चार साल, भगवंत मान दे नाल' कार्यक्रम के तहत खेल विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान उन्होंने 'आप' सरकार की खेल क्रांति से खेल क्षेत्र की तस्वीर बदलने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट कार्ड पेश करने के बाद मुख्यमंत्री ने खेलों में बड़े सुधारों की अगली योजना का उल्लेख किया। इस योजना के तहत खेल बजट 350 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1791 करोड़ रुपये किया गया, कोचों की संख्या 500 से बढ़ाकर 2458 की गई और ओलंपिक की तैयारी के लिए 15 लाख रुपये तथा एशियाई खेलों के खिलाड़ियों के लिए 8 लाख रुपये की वित्तीय सहायता शामिल है।

इसका विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने 3100 खेल मैदानों के विकास, 3000 जिम, 17000 खेल किटों के वितरण और 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के तेज़ी से विस्तार का उल्लेख किया। इस योजना में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या डेढ़ लाख से बढ़कर पांच लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के चलते पंजाब ने इतिहास में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और 40 वर्षों बाद राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप अंडर-13 की मेजबानी प्राप्त की है, जिससे राज्य देश में खेलों के केंद्र के रूप में उभरा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, एशियाई खेल 3-4 अक्टूबर को समाप्त होंगे और शीर्ष छह हॉकी टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। पहली बार पंजाब को यह अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने का अवसर मिला है और यह खेल क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा, ÷इसके अलावा राज्य के लिए चार-देशीय टूर्नामेंट के रूप में एक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को मंजूरी दी गई है, जो राज्य में हॉकी को बढ़ावा देगी।÷

इस टूर्नामेंट के महत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हॉकी में पंजाबियों की सरदारी/ श्रेष्ठा होने के बावजूद राज्य ने अब तक किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं की थी। पहली बार पंजाब अक्टूबर में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो एशिया का सबसे प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट है। उन्होंने बताया कि हॉकी मैच मोहाली के बलबीर सिंह सीनियर हॉकी स्टेडियम और जालंधर के सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन चैंपियनशिप की वापसी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, 40 वर्षों बाद राज्य को जालंधर में राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप (अंडर-13) की मेजबानी मिली है। यह टूर्नामेंट अंडर-13 वर्ग के लिए होगा और यह सुनिश्चित करेगा कि राज्य में समग्र विकास और खेलों को बढ़ावा मिले। उन्होंने आगे कहा, राज्य सरकार युवाओं की अपार ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब की महान खेल विरासत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ÷पंजाब ने कई महान खिलाड़ी पैदा किए हैं और राज्य का खेलों से सदियों पुराना संबंध है।

उन्होंने कहा, हमारे सिख गुरुओं ने खेलों के माध्यम से न केवल आध्यात्मिकता बल्कि शारीरिक फिटनेस को भी बढ़ावा दिया। श्री गुरु अंगद देव जी ने खडूर साहिब में शारीरिक फिटनेस के लिए मल्ल अखाड़ा स्थापित किया और उनकी देखरेख में कुश्ती व व्यायाम होते थे। श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने युवाओं को घुड़सवारी और तीरंदाजी में निपुण बनाया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया

नई दिल्ली/सत्ता संदेश
साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग – एनसीबीसी के अध्यक्ष का कार्यभार 18.03.2026 से और श्रीमती किरण उमेश महाले ने आयोग के सदस्य का कार्यभार 20.03.2026 से ग्रहण कर लिया है। साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व सांसद हैं और वे ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयों में केंद्रीय राज्य मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक पदों पर रह चुकी हैं। वे सामाजिक एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों में विशेष कर समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सक्रियता से संलग्न रही हैं। सार्वजनिक जीवन और शासन में उनके अनुभव से आयोग के दायित्वों के प्रभावी निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की संभावना है। श्रीमती किरण उमेश महल्ले अनुभवी जन प्रतिनिधि हैं जिन्हें सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव है।

### सरकार ने बालिकाओं के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अपनाया बहुआयामी दृष्टिकोण

नई दिल्ली/सत्ता संदेश
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) और बालिकाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों के समाधान में मदद करता है। यह योजना विभिन्न हितधारकों को सूचित, प्रभावित, प्रेरित और सशक्त बनाकर बालिकाओं के प्रति मानसिकता और व्यवहार में बदलाव लाने का प्रयास करती है। 15वें वित्त आयोग की अवधि (यानी 2021–22 से 2025–26) में बीबीबीपी योजना का पुनर्गठन किया गया है और अब यह मिशन शक्ति की संभल उप-योजना का एक घटक है। बीबीबीपी का विस्तार देश के सभी जिलों में कर दिया गया है, जिसमें बहु–क्षेत्रीय हस्तक्षेपों के माध्यम से उन गतिविधियों पर अधिक खर्च करने को प्रोत्साहित किया जाता है जिनका ज़मीनी स्तर पर प्रभाव पड़ता है। बीबीबीपी के तहत इन पहलों ने एक रिकॉल वैल्यू स्थापित की है और विभिन्न हितधारकों—जिनमें सरकारी एजेंसियां, मीडिया, नागरिक समाज और आम जनता शामिल है।

# ट्रंप का अपनी टीम को सख्त आदेश : जल्द निपटाओ ईरान वॉर

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को लेकर बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने अपने सहयोगियों को साफ संदेश दिया है कि इस संघर्ष को लंबा नहीं खींचा जाएगा और अगले 4 से 6 हफ्तों में इसे खत्म करने की कोशिश की जाए। ट्रंप का कहना है कि ईरान के वार्ताकार बातचीत से इसलिए इंकार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि उनके अपने लोग ही उन्हें मार डालेंगे। ट्रंप ने अपनी टीम को कहा कि ईरान वॉर जल्द निपटाओं क्योंकि मेरे पास और भी बहुत से काम हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप का मानना है कि युद्ध अब अपने अंतिम चरण में है और इसे जल्द समाप्त कर वह अपने घरेलू राजनीतिक एजेंडे खासकर आगामी चुनावों और आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।



हालांकि, अमेरिकी प्रशासन इस समय एक बड़ी दुविधा में फंसा है। एक तरफ कूटनीतिक समाधान की कोशिशें चल रही हैं, तो दूसरी ओर रक्षा विभाग अधिकतम दबाव की नीति पर कायम है।

यही वजह है कि अमेरिका ने मध्यपूर्व में अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। शांति वार्ता अभी शुरुआती चरण में है और मध्यस्थ देशों के जरिए बातचीत जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समझौता नहीं हो पाया है। इस बीच, अमेरिका के भीतर भी रणनीति को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं—कुछ नेता बातचीत के पक्ष में हैं, जबकि कुछ कड़ी सैन्य कार्रवाई और यहां तक कि ईरान में शासन परिवर्तन की बात कर रहे हैं। इस पूरे संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी साफ दिख रहा है। Strait of Hormuz पर जारी तनाव के कारण तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप इस संभावना पर भी विचार कर रहे हैं कि किसी समझौते के तहत अमेरिका को ईरान के तेल तक पहुंच मिल सकती है, हालांकि इस पर अभी कोई ठोस योजना नहीं बनी है। जमीनी स्तर पर अमेरिकी सैनिक भेजने का विकल्प भी खुला रखा गया है, लेकिन ट्रंप इससे बचना चाहते हैं क्योंकि इससे युद्ध लंबा खिंच सकता है।

### होर्मुज पर ईरान के सख्त बयान पर भड़के ट्रंप

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब और गंभीर होता जा रहा है। Iran द्वारा Strait of Hormuz पर अपना नियंत्रण मजबूत करने के फैसले के बाद United States ने भी अपना रुख और कड़ा कर लिया है। कूटनीतिक प्रयास फिलहाल विफल होते नजर आ रहे हैं और दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। ईरान ने इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर अपने नियंत्रण को औपचारिक रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। वहीं, अमेरिका ने क्षेत्र में अपने सैन्य बलों की तैनाती तेज कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी नौसेना का जहाज USS Tripoli लगभग 2,500 सैनिकों के साथ पश्चिम एशिया की ओर बढ़ रहा है। इसके अलावा 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के करीब 1,000 सैनिक भी तैनात किए जा रहे हैं।




# ...ईरान 12 साल के बच्चों को युद्ध में करेगा शामिल!

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच एक बेहद चौंकाने वाला दावा सामने आया है। कुछ रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में कहा जा रहा है कि ईरान ने युद्ध में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु घटाकर 12 साल कर दी है। इन दावों में कहा गया है कि Islamic Revolutionary Guard Corps (IRGC) अब 12 साल या उससे अधिक उम्र के लड़कों को युद्ध समर्थन गतिविधियों के लिए भर्ती कर सकता है। इसे ईरान-इराक युद्ध (1980s) की रणनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है, जब कथित तौर पर कम उम्र के युवाओं का इस्तेमाल किया गया था। ये भी माना जा रहा है कि जंग में ज्यादातर सैनिकों का सफाया हो चुका है जिस कारण सरकार को ये फैसला लेना पड़ा है। ईरान की तरफ से इस बारे में कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अहम बात यह है कि इस दावे की कोई स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न ही ईरान सरकार या किसी विश्वसनीय अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने इस नीति की पुष्टि की है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा युद्ध के दौरान सूचना युद्ध (information warfare) भी तेज हो गया है, जहां इस तरह के दावे मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए फैलाए जा सकते हैं। इसलिए ऐसी खबरों को सावधानी से देखने की जरूरत है। अगर भविष्य में इस तरह की किसी नीति की पुष्टि होती है, तो यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन होगा, क्योंकि बच्चों को युद्ध में शामिल करना वैश्विक नियमों के खिलाफ है।

# कोविड-19 से भी खतरनाक हो सकते हैं आने वाले हालात : पुतिन

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष ने दुनिया को एक नए संकट के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ती जंग के बीच Vladimir Putin ने ऐसी चेतावनी दी है, जिसने वैश्विक चिंताएं और बढ़ा दी हैं। उनका कहना है कि इस टकराव के नतीजे इतने गंभीर हो सकते हैं कि उनकी तुलना कोविड-19 जैसी महामारी से की जा रही है - एक ऐसा दौर जिसने पूरी दुनिया की रफ्तार थाम दी थी। 27 दिनों से जारी संघर्ष में ईरान और इज़राइल एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं और इसके बीच वैश्विक व्यवस्था डगमगाने लगी है। इस तनाव का सबसे बड़ा असर ऊर्जा सप्लाई पर पड़ा है। Strait of Hormuz जैसे अहम समुद्री रास्ते पर रुकावट ने तेल और गैस की आवाजाही को लगभग ठहराव पर ला दिया है। नतीजा यह है कि कई देशों में ईंधन की कमी गहराने लगी है और हालात इतने बिगड़ गए हैं कि कुछ जगहों पर इमरजेंसी तक घोषित करनी पड़ी है।



इसी बीच Vladimir Putin का बयान इस संकट की गंभीरता को और बढ़ा देता है। मॉस्को में कारोबार जगत के लोगों से बातचीत के दौरान उन्होंने साफ कहा कि इस जंग के नतीजों का अंदाज़ा लगाना फिलहाल नामुमकिन है। उनका कहना है कि जब इस संघर्ष में शामिल देश ही भविष्य को लेकर अनिश्चित हैं, तो बाकी दुनिया के लिए इसका अनुमान लगाना और भी मुश्किल हो जाता है।

पुतिन ने आगाह किया कि इस टकराव के प्रभाव बेहद गहरे हो सकते हैं। कुछ आकलन तो इसे कोविड-19 जैसी वैश्विक तबाही से जोड़कर देख रहे हैं।

# काला सागर में रूसी तेल जा रहे तुर्किये के टैंकर पर ड्रोन हमला

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
काला सागर क्षेत्र में एक बड़ा समुद्री सुरक्षा हादसा सामने आया है। Turkey का एक तेल टैंकर Bosphorus Strait के पास ड्रोन हमले का शिकार हो गया। यह हमला उस समय हुआ जब जहाज रूस से कच्चा तेल लेकर आगे बढ़ रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, ÷अल्तुरा÷ नाम का यह टैंकर करीब 1,40,000 टन कच्चा तेल लेकर जा रहा था और बॉस्फोरस जलडमरूमध्य से लगभग 14 समुद्री मील दूर था। ड्रोन हमले में जहाज के ब्रिज और इंजन रूम को नुकसान पहुंचा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमला बेहद सटीक तरीके से किया गया। Abdulkadir ने पुष्टि की कि यह हमला नौसैनिक ड्रोन के जरिए किया गया। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इसके पीछे किसका हाथ हो सकता है।



राहत की बात यह रही कि जहाज पर सवार सभी 27 चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद तकनीकी टीमों को मौके पर भेजा गया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह टैंकर यूरोपीय यूनियन के प्रतिबंधों के तहत आने वाले तथाकथित शैडो फ्लीट का हिस्सा रहा है, जिसका इस्तेमाल रूस से तेल निर्यात के लिए किया जाता है। इससे इस हमले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं।यह जहाज Novorossiysk Port से रवाना हुआ था और अब इस घटना ने काला सागर क्षेत्र में पहले से चल रहे तनाव को और बढ़ा दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल देखभाल संस्थान आयु-उपयुक्त शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तक पहुंच, मनोरंजन, स्वास्थ्य देखभाल और परामर्श प्रदान करते हैं

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू कर रहा है। यह योजना केंद्र और राज्य सरकारों के बीच पूर्व निर्धारित लागत साझाकरण के आधार पर अनाथ बच्चों सहित कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करती है। योजना में संस्थागत और गैर–संस्थागत देखभाल दोनों शामिल हैं। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत स्थापित बाल देखभाल संस्थान (सीसीआई) अन्य बातों के अलावा, आयु–उपयुक्त शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मनोरंजन, स्वास्थ्य देखभाल, परामर्श आदि सेवाएं प्रदान करते हैं। गैर–संस्थागत देखभाल सेवा के अंतर्गत, प्रायोजन, पालक देखभाल, दत्तक ग्रहण और देखभाल के बाद सहायता प्रदान की जाती है। 15 वें वित्त आयोग में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संशोधन के दौरान , बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों की बुनियादी जरूरतों, देखभाल, संरक्षण, विकास, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय मानदंडों में उचित वृद्धि की गई थी।

### यौन शोषण तथा संबंधित अपराधों से निपटने के लिए अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 लागू किया

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राष्ट्रीय राजधानी और अन्य महानगरों में वेश्यावृत्ति की ओर रुख करने वाली महिलाओं की संख्या और पकड़ी गई महिला भिखारियों की संख्या के संबंध में केंद्रीकृत आंकड़े नहीं रखता है। भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य के विषय हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा करने, और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जांच एवं अभियोजन का दायित्व संबंधित राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों पर है; वे मौजूदा कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गत ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सक्षम हैं। भारत सरकार ने मानव तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण तथा संबंधित अपराधों से निपटने के लिए अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (आईटीपीए) लागू किया है। यह अधिनियम व्यावसायिक यौन शोषण के संदर्भ में वेश्यावृत्ति को परिभाषित करता है और ऐसे शोषण को सुगम बनाने, बढ़ावा देने या उससे लाभ कमाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान करता है। अधिनियम का कार्यान्वयन मुख्य रूप से राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों की जिम्मेदारी है।

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और एकीकृत करने के लिए किए गए प्रयास

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : सरकार देश में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) लागू कर रही है। एनएमएचपी के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) घटक को 767 जिलों में लागू करने की मंजूरी दी गई है, जिसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सहायता प्रदान की जाती है । डीएमएचपी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में बाह्य रोगी सेवाएं, मूल्यांकन, परामर्श/मनोसामाजिक समाधान, गंभीर मानसिक विकारों से पीड़ित व्यक्तियों को निरंतर देखभाल और सहायता, नशा मुक्ति, पहुंचे सेवाएं, एम्बुलेंस सेवाएं आदि शामिल हैं। उपरोक्त सेवाओं के अतिरिक्त, जिला स्तर पर मरीजों की भर्ती के लिए 10 बिस्तरों वाली सुविधा का प्रावधान है। सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करने के लिए भी कदम उठा रही है। सरकार ने 17 लाख से अधिक उप स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उन्नत किया है।

### हावड़ा में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम चुनाव का पर्व, पश्चिम बंगाल का गर्व का आयोजन किया

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : भारत निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के कार्यालयों के समन्वय से, राज्यव्यापी मतदाता जागरूकता गतिविधियां शुरू की हैं। इनका उद्देश्य शांतिपूर्ण वातावरण में लोकतंत्र के पर्व को मनाना है। इन पहलों के तहत, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान को बढ़ावा देने के लिए आज पश्चिम बंगाल के हावड़ा और सभी जिलों में सु॰ यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स॰ वीप) का आयोजन किया गया। हावड़ा जिले में, इस कार्यक्रम का शुभारंभ साइक्लोथॉन से हुआ, जिसमें स्कूल और कॉलेज के छात्रों, पहली बार मतदान करने वाले और युवा मतदाताओं के साथ–साथ चुनाव आयोग के अधिकारियों, मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय, डीईओ और अन्य विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइक्लोथॉन सुबह 7ः00 बजे हावड़ा ब्रिज चेक पोस्ट से शुरू हुई और रेल संग्रहालय से होते हुए रामकृष्णपुर फेरी घाट पर समाप्त हुई।

# रूस ने मालवाहक जहाजों को लेकर लिया बड़ा फैसला

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
रूस ने अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। रूस ने घोषणा की है कि वह अपने जहाजों को अब नौसेना की सुरक्षा प्रदान करेगा, क्योंकि हाल के दिनों में पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा रूसी जहाजों को रोकने और जांच करने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। यह निर्णय रूस के मैरीटाइम बोर्ड की बैठक में लिया गया, जहां अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए गए। ये नियम मुख्य रूप से Black Sea, Sea of Azov और Baltic Sea क्षेत्रों में लागू होंगे।



रूस के सुरक्षा परिषद से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी Nikolai Patrushev ने कहा कि रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जहाजों की निगरानी और समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सैन्य उपस्थिति बढ़ाई जा रही है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

इस फ्लीट का इस्तेमाल रूस द्वारा भारत और चीन जैसे देशों तक तेल और गैस पहुंचाने के लिए किया जाता है, खासकर तब जब उस पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे हुए हैं। दूसरी ओर, कीर स्टार्मर (Keir Starmer) ने ब्रिटिश सेना को उन रूसी जहाजों को रोकने और तलाशी लेने की अनुमति दी है, जिन्हें प्रतिबंधों का उल्लंघन कर तेल निर्यात करने वाला माना जाता है। इस फैसले से समुद्र में रूस और पश्चिमी देशों के बीच टकराव का खतरा और बढ़ गया है। हाल ही में समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं तब और बढ़ गई, जब Bosphorus Strait के पास एक तेल टैंकर ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त हो गया।

### आम चुनाव और उपचुनाव 2026 : 400 करोड़ रुपये से अधिक जब्ती

नई दिल्ली/सत्ता संदेश
भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनाव और 6 राज्यों में उपचुनाव के लिए 15 मार्च, 2026 को होने वाले चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया है। आयोग ने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया है कि आयोग ने चुनाव वाले 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और उनके 12 सीमावर्ती राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, सीईओ, डीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की थी, जिसमें तैयारियों की समीक्षा की गई, समन्वय को बढ़ाया गया।

# पाकिस्तान को निरंतर समर्थन देता रहेगा चीन

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
पाकिस्तान और चीन के रिश्ते एक बार फिर सुर्खियों में हैं। China के राजदूत Jiang Zaidong ने Shehbaz Sharif से मुलाकात कर यह साफ किया कि चीन पाकिस्तान को आर्थिक और निवेश के क्षेत्र में लगातार समर्थन देता रहेगा। इस अहम बैठक में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री Ishaq Dar समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान चीन ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिरता और सुधारों की सराहना की, जो मौजूदा संकट के बीच पाकिस्तान के लिए राहत की खबर मानी जा रही है। प्रधानमंत्री Shehbaz Sharif ने चीन के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि पाकिस्तान China-Pakistan



Economic Corridor (CPEC) के दूसरे चरण को तेजी से आगे बढ़ाएगा। इसमें कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के बड़े प्रोजेक्ट्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चीन ने भी साफ किया कि वह पाकिस्तान में व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर उच्च-स्तरीय बैठकों और सहयोग को और मजबूत करने की योजना बनाई है।

# ईरान ने भारत समेत 5 देशों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी

इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश
ईरान ने भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान एवं इराक जैसे मित्र देशों को वाणिज्यिक नौवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यह जानकारी दी। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) का परिवहन होता है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, अराघची ने कहा, %%हमने कुछ ऐसे देशों को (होर्मुज जलडमरूमध्य से) गुजरने की अनुमति दी है जिन्हें हम मित्र मानते हैं। हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को आवागमन की अनुमति दी है।%% ईरानी विदेश मंत्री ने साथ ही स्पष्ट किया कि ईरान के शत्रुओं से जुड़े पोतों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, %%हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह क्षेत्र युद्ध क्षेत्र बना हुआ है और हमारे दुश्मनों एवं उनके सहयोगियों के पोतों को इससे गुजरने देने का कोई कारण नहीं है लेकिन यह अन्य देशों के लिए खुला है।

# केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा व भारतीय आर्थिक सेवा के अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

नई दिल्ली/सत्ता संदेश
केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा (सीपीईएस) और भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों ने आज (27 मार्च, 2026) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे भारत के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और उनके निर्णय एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहायक होंगे। समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों को आकार देने और सुधारों को लागू करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने अधिकारियों को समर्पण और उत्साह की भावना से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने सफर में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ये चुनौतियां राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के अपार अवसर प्रदान करती हैं। उन्हें हमेशा जिज्ञासा, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और निरंतर सीखने की तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।



केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विद्युत, औद्योगिक विकास, नवाचार, जीवन स्तर में सुधार और देश की समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मुख्य प्रेरक तत्व है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा विद्युत प्रणालियों की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्रों में नियोजन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

उन्होंने कहा कि सुदृढ़ अभियांत्रिकी पद्धतियों और नवोन्मेषी समाधानों के माध्यम से राष्ट्र के विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ करने में केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक और घरेलू परिदृश्य में, सार्वजनिक सेवा में आर्थिक नियोजन और कार्यान्वयन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।



# कुछ दिनों में रसोई में मौजूद चीजों से पाएं चमकदार त्वचा

आजकल महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स की बजाय लोग प्राकृतिक उपायों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। महंगी ब्रांडेड क्रीम, फेस वॉश, फेश मास्क पर सैकड़ों रुपये लोग खर्च कर देते हैं। इससे इंस्टेंट ग्लो तो आ जाता है लेकिन स्थायी रूप से निखार या चमक नहीं रहती। लेकिन प्राकृतिक निखार घरेलू उपायों से पाया जा सकता है। आपकी रसोई में ही कुछ ऐसी साधारण चीजें मौजूद हैं जो त्वचा को चमकदार, साफ और हेल्दी बना सकती हैं। आइए जानते हैं आसान और असरदार किचन ब्यूटी टिप्स जो आपकी त्वचा को नेचुरल ग्लो देंगे। इन घरेलू चीजों के उपयोग से स्किन को नेचुरल ग्लो मिलने के साथ ही केमिकल से बचाव होता है। स्किन सॉफ्ट और हेल्दी बनती है। साथ ही पिंपल और दाग कम होते हैं। हालांकि स्किन केयर करते समय ध्यान रखें कि कोई भी उत्पाद लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। ज्यादा नींबू का उपयोग न करें और संवेदनशील स्किन हो तो सावधानी रखें।

**हल्दी और बेसन फेस पैक**

- एक चम्मच हल्दी में दो चम्मच बेसन और दूध मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें।
- इस पेस्ट को चेहरे पर करीब 15 मिनट लगाएं।
- बाद में पानी से धो लें।
- यह स्किन को ग्लोइंग और साफ बनाता है।

**शहद और नींबू**

- शहद में कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाएं।
- इस मिश्रण को 10 मिनट चेहरे पर लगा रखें।
- फिर साफ और ठंडे पानी से धो लें।
- यह स्किन को हाइड्रेट और ब्राइट करता है।

**दही और ओट्स स्क्रब**

- दही में ओट्स मिलाकर पेस्ट तैयार करें। छ्व इसे हल्के हाथों से चेहरे या स्किन पर स्क्रब करें।
- यह होममेड स्क्रब डेड स्किन हटाने में मदद करता है।

**कच्चा दूध क्लेंजर**

- महंगे फेसवॉश पर पैसे व्यय करने के बजाए घर पर क्लेंजर बनाएं।
- इसके लिए कुछ बूंद कच्चा दूध चाहिए।
- कॉटन से दूध को चेहरे पर लगाएं।
- 5-7 मिनट बाद चेहरा धो लें।
- यह नेचुरल क्लेंजर की तरह काम करता है।

# स्वास्थ्य के लिए किसी फाइबर वरदान से कम नहीं

आज की आधुनिक जीवनशैली और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते चलन के बीच फाइबर हमारे स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। चिकित्सा जगत में फाइबर को नेचुरल झाड़ू माना जाता है, क्योंकि यह पाचन तंत्र की सफाई करने और शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मुख्य भूमिका निभाता है।

अक्सर लोग फाइबर के लिए महंगे सप्लीमेंट्स या विदेशी फलों की ओर भागते हैं, लेकिन हमारे आसपास ही कई ऐसी चीजें हैं जो बेहद सस्ते हैं और आसानी से उपलब्ध भी हैं। आइए इस लेख में कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानते हैं जिनमें घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो न सिर्फ कब्ज और गैस जैसी पेट की समस्याओं को जड़ से खत्म करते हैं, बल्कि ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में भी मदद करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, दैनिक आहार में फाइबर की पर्याप्त मात्रा शामिल करने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन घटाने की प्रक्रिया में भी काफी मदद मिलती है।




**गाजर और मूली** : सर्दियों और बदलते मौसम में मिलने वाली गाजर और मूली फाइबर के सबसे बेहतरीन और सस्ते स्रोत हैं। गाजर में पेक्टिन होता है जो आंतों के मित्र बैक्टीरिया को पोषण देता है, जबकि मूली अपने रफेज के कारण पाचन अग्नि को तेज करती है।

इन्हें सलाद के रूप में कच्चा खाने से शरीर को प्रचुर मात्रा में रफेज मिलता है, जिससे पुरानी से पुरानी कब्ज की समस्या में भी राहत मिल सकती है। ओट्स या जई फाइबर का एक पावरहाउस है, जिसमें बीटा-ग्लूकन नामक खास घुलनशील फाइबर होता है।

यह पेट में एक जेल जैसा पदार्थ बनाता है, जो पाचन को धीमा करता है और आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है। सुबह नाश्ते में ओट्स का सेवन करने से न सिर्फ पेट साफ रहता है, बल्कि यह शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को भी कम करने में कारगर होता है।

**अनार** : अनार को अक्सर सिर्फ खून बढ़ाने के लिए जाना जाता है, लेकिन इसके बीज में पर्याप्त मात्रा में फाइबर छिपी होती है। एक कप अनार के दानों में लगभग 7 ग्राम फाइबर होता है। अनार के रस के बजाय इसके दानों को चबाकर खाना पाचन तंत्र के लिए अधिक लाभकारी है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंतों की सूजन को कम करते हैं और पाचन तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने की शक्ति प्रदान करते हैं।

**कम खर्च में पाएं बेहतर पाचन और सेहत** : पेट की अधिकांश बीमारियों की जड़ फाइबर की कमी ही होती है, जिसे इन सस्ती चीजों से आसानी से दूर किया जा सकता है। ध्यान रखें कि जब आप अपनी डाइट में फाइबर बढ़ाते हैं, तो शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है। गाजर, मूली, ओट्स और अनार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर आप न सिर्फ अपनी आंतों के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, बल्कि भविष्य की कई गंभीर बीमारियों से भी खुद को बचा सकते हैं।

# नहीं चढ़ा मेहंदी का रंग, तो अपनाएं कुछ टिप्स

मेहंदी लगाना भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा है, खासकर शादी, तीज-त्योहार और खास मौकों पर। खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं हाथों में मेहंदी लगाती हैं। आपने भी मेहंदी लगाई होगी लेकिन अभी तक आपके हाथों पर मेहंदी का गाढ़ा रंग नहीं आया है तो भी फिक्र न करें। कई बार मेहनत से लगाई गई



मेहंदी का रंग हल्का रह जाता है, जिससे पूरा लुक फीका लग सकता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो चिंता न करें। यहां हम आपको बता रहे हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिनसे आपकी मेहंदी का रंग गहरा और खूबसूरत हो जाएगा।

**मेहंदी लगाने से पहले हाथों की तैयारी करें**

- अगर आप आज मेहंदी लगाने जा रही हैं लेकिन वक्त रहते मेहंदी का रंग गाढ़ा न चढने् की टेंशन है तो ध्यान रखें कि मेहंदी लगाने से पहले हाथों को अच्छे से साबुन से धो लें। कोई क्रीम या तेल न लगाएं। इससे मेहंदी सीधे स्किन पर असर करेगी और रंग गहरा आएगा।
- जिन लोगों को अपनी मेहंदी का रंग गाढ़ा करना है वो मेहंदी में कुछ खास चीजें मिलाकर ही लगाएं। जैसे नीलगिरी का तेल। चाय या कॉफी का पानी मिला सकती हैं।

**ये चीजें मेहंदी के रंग को नेचुरली डार्क बनाती हैं**

- मेहंदी लगाने के बाद नींबू-चीनी का इस्तेमाल करें। मेहंदी सूखने के बाद नींबू और चीनी का मिश्रण लगाएं। इससे मेहंदी लंबे समय तक चिपकी रहती है और रंग गहरा होता है। मेहंदी को ज्यादा देर तक रखें। कम से कम 6-8 घंटे तक मेहंदी रखें। बेहतर परिणाम के लिए रातभर लगा रहने दें।
- मेहंदी को गर्माहट देना जरूरी है। यानी मेहंदी सूखने के बाद लौंग का धुआं लें। गर्मी से रंग और गहरा हो जाता है।
- अगर आपकी मेहंदी का रंग नहीं आया है तो हथेलियों को पानी से दूर रखें। तुरंत तो कभी भी मेहंदी पानी से नहीं धोनी चाहिए। मेहंदी हटाने के बाद 12 घंटे तक पानी से बचें। पानी से रंग हल्का पड़ सकता है।



- मेहंदी हटाने के बाद हथेली पर सरसों का तेल या बाम लगाएं। इससे रंग और उभरकर आता है।

**क्या न करें**

- मेहंदी लगाते समय एसी या ठंडी जगह में न बैठें।
- केमिकल वाली मेहंदी से बचें।
- जल्दी-जल्दी मेहंदी न हटाएं। अगर आप चाहती हैं कि आपकी मेहंदी का रंग गहरा, खूबसूरत और लंबे समय तक टिके, तो इन आसान टिप्स को जरूर अपनाएं। सही तैयारी और थोड़ी देखभाल से आपकी मेहंदी का रंग भी प्रोफेशनल जैसा डार्क और आकर्षक बन सकता है।

# पैरों से आ रही बदबू को आसान उपायों से करें दूर

सर्दियों के अंत और गर्मी की शुरुआत के इस मौसम में बंद जूते पहनना पैरों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऑफिस जाने वाले लोगों या एथलीट्स को अक्सर दिनभर जूते पहनने पड़ते हैं, जिसके कारण पैरों में पसीना आता है और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

पैरों की दुर्गंध को मेडिकल भाषा में ब्रोमिडोसिस कहा जाता है, जो न सिर्फ सामाजिक शर्मिंदगी का कारण बनती है बल्कि यह दुर्गंध आपको खुद को भी बहुत परेशान करती है। जब पैरों का पसीना जूतों के भीतर बंद रहता है, तो वहां मौजूद बैक्टीरिया इसे सोखकर दुर्गंध पैदा करने वाले एसिड छोड़ते हैं।

अगर आप भी जूते उतारते ही कमरे में फैलने वाली गंध से परेशान हैं, तो आपको महंगे डिओडोरेंट के बजाय कुछ जरूरी स्वच्छता नियमों और घरेलू उपायों की जरूरत है। पैरों की सही देखभाल न सिर्फ गंध को दूर करती है, बल्कि आपकी त्वचा को भी कोमल और संक्रमण मुक्त बनाए रखती है।

**नमक और सिरके के पानी का जादुई असर** :

पैरों की गहराई से सफाई के लिए एप्सम साल्ट या साधारण नमक को गुनगुने पानी में डालें और फिर उसमें पैर डालकर 15-20 मिनट तक बैठें।

- आप पानी में आधा कप एप्पल साइडर विनेगर (सिरका) भी मिला सकते हैं, जो एसिडिक होने के कारण बैक्टीरिया को जड़ से खत्म कर देता है।
- यह प्रक्रिया न सिर्फ दुर्गंध को खत्म करती है, बल्कि पैरों की थकान को भी दूर करती है और मृत त्वचा को हटाने में भी मदद करती है।

**जूतों के भीतर की गंध को ऐसे करें नियंत्रित** :

एक ही जोड़ी जूते लगातार दो दिन न पहनें, जूतों को कम से कम 24 घंटे धूप या हवा में सूखने के लिए छोड़ दें।



## न्यूज ब्रीफ

### इंदिरा स्टेडियम में सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप का आगाज

**ऊना/सत्ता संदेश**
इंदिरा स्टेडियम एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड ऊना में चार दिवसीय सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) का आगाज गुरुवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाडि ों ने भाग ले रहे है। चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग की नौ टीमें एवं महिला वर्ग की छह टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में पहला मैच सोलन व कांगड़ा के बीच हुआ और मैच ड्रा रहा। दूसरा मैच ऊना व मंडी के बीच हुआ और ऊना की टीम 3-0 अंकों के अंतर से विजय हुई।

### हार्दिक पांड्या ने ग्राउंड स्टाफ के लिए खोली तिजोरी

**मुंबई/सत्ता संदेश**
भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने वानखेड़े स्टेडियम के मैदान कर्मियों से किया वादा पूरा करके फैंस का दिल जीत लिया। टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए हार्दिक पांड्या ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में काफी समय गुजारा था। ट्रेनिंग के दौरान वह कई बार आधी रात तक मैदान पर रहते थे, इस दौरान उन्होंने ग्राउंड स्टाफ से वादा किया था कि जब वह वापस लौटेंगे तो सभी को इनाम देंगे। हार्दिक ने आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले अपना वादा पूरा किया है।

### वैभव सूर्यवंशी के लिए 10 करोड़ रुपए लुटाने को तैयार थी राजस्थान रॉयल्स

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
वैभव सूर्यवंशी 13 साल की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल का हिस्सा बन गए थे। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 नीलामी में 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था। आज वैभव 15 साल के हो गए हैं और अब उन्हें पूर्व क्रिकेटर्स भविष्य का सितारा बता रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक जुबिन भरूचा ने खुलासा किया कि वैभव की प्रतिभा को देखते हुए नीलामी से पहले ही उनके लिए 10 करोड़ रुपए का बजट अलग रख दिया गया था।

# 100 पारियों में नाबाद रहे धोनी



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
आईपीएल 2026 को शुरू होने के लिए अब सिर्फ एक दिन शेष बचा है। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार कल से शुरू होने जा रहा है। डिफेंडिंग चैपियन रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) की पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से टक्कर होगी। आईपीएल इतिहास में कई हैरतअंगेज रिकॉर्ड बने और ध्वस्त हुए। हालांकि, कई कारनामा ऐसे हैं जो आईपीएल में कभी नहीं हुए। चलिए, आपको ऐसे ही कारनामों के बारे में बताते हैं। आज हम आईपीएल में सबसे ज्यादा नॉट आउट रहने वाले खिलाडि ों के बारे में बताते हैं। आईपीएल में नॉट आउट रहते हुए सबसे ज्यादा बनाने का कारनामा एमएस धोनी ने अंजाम दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का हिस्सा धोनी ने 100 बार नाबाद रहते हुए 3057 रन जुटाए। वह 100 पारियों में नाबाद लौटने वाले इकलौते हैं। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल में 40 पारियों में नाबाद रहे हैं।

उन्होंने इस दौरान 2309 रन बनाए। वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन 8661 बनाने वाले क्रिकेटर हैं। उनके अलावा कोई 8 हजार का आंकड़ा नहीं छू सका। सूची में तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं।

उन्होंने 40 पारियों में नॉट आउट रहते हुए 2228 रन जोड़े। डिविलियर्स 2011 से 2021 तक आरसीबी की ओर से खेले। उन्होंने 2008 में डेक्कन चार्जर्स की ओर से आईपीएल डेब्यू किया था। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल में 29 मर्तबा नाबाद लौटे। उन्होंने इस दौरान 1872 रन बटोरे। धवन ने 2024 में पंजाब किंग्स की तरफ से आखिरी आईपीएल मैच खेला। मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना ने 30 पारियों में नाबाद रहकर 1635 रन बनाए। उन्होंने 13 सीजन में से 11 चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले। वह दो सीजन में गुजरात लॉयंस में मुंबई इंडियंस (एमआई) का हिस्सा रोहित ने 30 पारियों में नॉट आउट रहकर 1622 रन जुटाए।

# खुद को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मुझे ब्रेक की जरूरत थी : पृथ्वी शॉ



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ गए हैं। साल 2023 और 2024 के सीजन शॉ के लिए कुछ ख़ास नहीं रहे थे, जहां 16 पारियों में उनके बल्ले से महज 304 रन ही निकले। हालांकि आईपीएल 2026 के आग़ाज़ से पहले शॉ का मानना है कि इस छोटे से ब्रेक ने उन्हें मानसिक रूप से काफ़ी मजबूत और तरोताज़ा कर दिया है। शॉ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ÷मैंने इस दौरान अपनी ज़िंदगी को खुलकर जिया और कुछ जगहों पर घूमकर अपने दिमाग़ को शांत किया। वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज़्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाज़ी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। मैं इसे पीछे हटना नहीं कहूंगा, बल्कि इसने मुझे दिमाग़ी तौर पर और भी ताकतवर बनाया है।÷

बता दें कि आईपीएल 2024 के बीच में ही डीसी ने उन्हें प्लेइंग ङ्गढ्ढ से बाहर कर दिया था। इसके बाद 2024-25 के घरेलू सीज़न में भी उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप होना पड़ा। उस समय मुंबई के उनके साथी श्रेयस अय्यर ने साफ़ कहा था कि शॉ को ÷अपनी वर्क एथिक्स (कार्यशैली) पर ध्यान देने की ज़रूरत है÷। इन तमाम उतार-चढ़ाव के बाद शॉ ने मुंबई का साथ छोड़ दिया और हाल ही में महाराष्ट्र की टीम से जुड़कर मैदान पर वापसी की है।

शॉ ने कहा, ÷मैं एक इंसान हूं, मुझसे गलतियां होंगी। जो कुछ लिखा या कहा जाता है, लोग उसका सिर्फ़ आधा ही जानते हैं। मेरा परिवार मुझे जानता हैĥ मेरे दोस्त मुझे पूरी तरह जानते हैं। सोशल मीडिया या अख़बारों में जब भी मेरे बारे में अच्छी या बुरी बातें आती थीं, तब उन्हें समझने के लिए मैं बहुत छोटा था। हर बार जब आप ऐसी चीज़ें देखते हैं, तो आप फिर उसी में उलझ जाते हैं। इसलिए मैंने उन्हें देखना ही बंद कर दिया।

ये चीजें मुझे क्रिकेट से दूर ले जा रही थीं। लेकिन मुझे ख़ुद पर भरोसा था, क्योंकि मुझे पता है कि मैं कहां से आया हूं और मैंने कितनी मेहनत की है। इंसान से गलतियां होती हैंĥ यह ठीक है, आगे बढ़ना चाहिए। वो सब अब अतीत है और कई साल पहले हुआ था।

# डीएसपी विजय कुमार ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**शिमला/सत्ता संदेश**
हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीएसपी विजय कुमार ने एक बार फिर हिमाचल प्रदेश और पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 में व्यक्तिगत ब्रॉन्ज पदक जीतकर अपनी बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 22 से 30 मार्च 2026 तक सेंट्रल रिर्जव पुलिस फोर्स के गुरुग्राम स्थित ग्रुप सेंटर में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर की विभिन्न पुलिस और अर्धसैनिक बलों के निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

डीएसपी विजय कुमार ने पिस्टल/रिवॉल्वर स्पर्धा के 50 यार्ड प्रोन इवेंट में पदक हासिल किया। इस मुकाबले में उन्होंने बिना सहारे, दोनों हाथों से पकड़ बनाकर शानदार निशाना लगाया और शीर्ष स्तर के प्रतियोगियों के बीच अपनी सटीकता और निरंतरता का प्रदर्शन किया। इससे पहले भी विजय कुमार ने पिछले महीने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग (स्पोर्ट्स) प्रतियोगिता में दो व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट फॉर्म का परिचय दिया था। डीएसपी विजय कुमार एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध पिस्टल शूटर हैं, जिन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलंपिक गेम्स जैसे बड़े मंचों पर किया है। ओलंपिक में पदक जीतकर उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह निरंतर सफलता न केवल युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है, बल्कि हिमाचल प्रदेश पुलिस और पूरे देश के लिए गर्व की बात भी है।

# सैमसन वह खिलाड़ी हैं जिन्हें धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
आईपीएल और भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गज एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा कल से शुरू हो रहे 19वें सीजन में एक बार फिर यह दिखाने के लिए बेताब होंगे कि वे क्या कर सकते हैं। जियोस्टार के 'IPL टुडे लाइव' पर बात करते हुए जियोस्टार के एक्सपर्ट इरफान पठान ने कहा कि ष्टस्य् टीम में संजू सैमसन का शामिल होना इस बात का संकेत हो सकता है कि IPL 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इरफान ने कहा, ऐसा लगता है कि यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इसके संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि अगर आप चेन्नई की टीम को देखें, तो उन्होंने एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज को टीम में शामिल किया है जो अगले कुछ सालों तक खेल सकता है। आप उसके ईद-गिर्द अपनी टीम बना सकते हैं और वह फ्रेंचाइजी का चेहरा बन सकता है - वह खिलाड़ी है संजू सैमसन। उन्होंने कहा, उसने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी फॉर्म को भी बेहतर बनाया है। उसने हाल ही में एक वर्ल्ड कप जीता है और बहुत शानदार बैटिंग कर रहा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे एमएस धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे - कोई ऐसा जिसमें यह सब करने की काबिलियत हो और जिससे फैन्स भी जुड़ सकें और अपनापन महसूस कर सकें। संजू के आने से, मुझे लगता है कि धोनी अब यह कह सकते हैं कि शायद अब समय आ गया है कि वह अपनी कमान किसी और को सौंप दें। लेकिन क्या यह पहले हो जाना चाहिए था? क्योंकि मुझे लगता है कि एमएस धोनी जैसा खिलाड़ी सिर्फ दो ओवर खेलने वाला खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकता। आप अपनी विरासत ऐसे नहीं बनाते।

तो हां, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है। IPL में एमएस धोनी की मैच खत्म करने की काबिलियत पर उन्होंने कहा, जब CSK ने अहमदाबाद में अपनी पिछली ट्रॉफी जीती थी, तो उस समय भी यह चर्चा चल रही थी कि वह बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आ रहे हैं-और यह चर्चा तब शुरू हुई थी, जब इन बातों ने ज़ोर भी नहीं पकड़ा था।

# संक्षिप्त खबरें

### पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बताए ऑरेंज-पर्पल कैप के दावेदार

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2026 के लिए ऑरेंज कैप और पर्पल कैप के दावेदारों को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने इसके लिए एक लिस्ट बनाई है, जिसमें भारतीय खिलाडि ों का बोलबाला है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों के रूप में चुना है। ये खिलाड़ी एक-एक बार ऑरेंज कैप जीत चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने विराट कोहली और केएल राहुल को भी दावेदार बताया है। कोहली दो बार ऑरेंज कैप अपने नाम कर चुके हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा कि सच कहूं तो ऑरेंज कैप आमतौर पर सलामी बल्लेबाज के सिर पर ही रहती है। मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल के लिए यह धमाकेदार सीजन हो सकता है, जिसका सबको इंतजार है। इसलिए मेरा झुकाव उनकी तरफ काफी ज्यादा है। दूसरे खिलाड़ी शुभमन गिल हो सकते हैं क्योंकि शायद वह रनों के लिए सबसे ज्यादा भूखे होंगे। उन्होंने आगे कहा कि तीसरे बेशक विराट कोहली हैं, क्योंकि आजकल वह लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेलते हैं तो विराट कोहली वह ऑरेंज कैप विजेता हो सकते हैं। इन तीनों में से कोई एक है, जिसके बारे में मैं सोच रहा हूं और उम्मीद कर रहा हूं।

### इंटर-डिस्ट्रिक्ट हॉकी चैंपियनशिप में सिरमौर ने 11-0 अंकों से पीटा मंडी

**ऊना/सत्ता संदेश** : इंदिरा स्टेडियम एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड ऊना में आयोजित सीनियर स्टेट इंटर-डिस्ट्रिक्ट हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) के दूसरे दिन विभिन्न टीमों में अहम मुकाबले करवाए गए। दिन के मुकाबलों में पहला मैच महिला वर्ग में मंडी व हमीरपुर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के अंक 1-1 होने पर मैच ड्रा रहा। दूसरा मुकाबला सिरमौर व मंडी के बीच खेला गया] जिसमें सिरमौर की टीम ने 11-0 अंकों के बड़े अंतर से मंडी को बुरी तरह से पराजित किया। इसके अलावा पुरुष वर्ग में पहला मुकाबला सिरमौर व लाहुल स्पीति के बीच खेला गया, जिसमें सिरमौर की टीम 6-2 अकों के अंतर से विजय रहा। दूसरे मुकाबले में हमीरपुर व मंडी की टीमों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जिसमें 3-2 अंकों के अंतर से मंडी की टीम विजय रही। तीसरे मैच में ऊना व कांगड़ा की टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसमें ऊना की टीम ने 7-0 अंकों के अंतर से ऊना विजय रहा। चौथे मुकाबले में सोलन की टीम ने चंबा को 4-0 अंकों के अंतर से हराया। पांचवां मुकाबला हमीरपुर व सिरमौर की टीम के बीच हुआ। इसमें 3-6 अंकों के अंतर से सिरमौर विजेता रहा। 6वें मुकाबले में लाहुल स्पीति से मुकाबले में 2-0 अंकों के अंतर से विजयी रही।

### हिमाचल की कुराश टीम रायपुर रवाना


**शिमला/सत्ता संदेश** : हिमाचल प्रदेश की 36 सदस्यीय सीनियर कुराश टीम मध्य प्रदेश के रायपुर के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इसी के माध्यम से जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम में सबसे अधिक खिलाड़ी मंडी और हमीरपुर जिलों से हैं, जो प्रदेश में कुराश खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। टीम के साथ मुख्य कोच के रूप में धनी राम, पुरुष टीम कोच के रूप में रूप सिंह और महिला टीम कोच के रूप में मीना शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा तकनीकी अधिकारी के रूप में वीरेंद्र सिंह धौलता, हरदेव सिंह नेगी, मुकुल शर्मा और गौरव शर्मा टीम के साथ गए हैं, जो खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे। हिमाचल प्रदेश कुराश संघ के महासचिव वीरेंद्र सिंह धौलता ने टीम के रवाना होने की जानकारी दी। संघ के चेयरमैन कौशल मुंगटा, अध्यक्ष सुरेंद्र कुल्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुनी लाल गुप्ता, अशोक चौहान, सोलन के चेयरमैन भीष्म ठाकुर, कुल्लू कुराश के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और हमीरपुर के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।



### रोहित शर्मा की फिटनेस देख नीता अंबानी हैरान

**मुंबई/सत्ता संदेश** : भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए बतौर बल्लेबाज खेलने के लिए तैयार हैं। रोहित टी-20 और टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में खेलते हुए नजर आते हैं। हालांकि वनडे सीरीज काफी कम हो रही हैं, ऐसे में खुद को फिट रखने के लिए रोहित पहले से ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी मुंबई के खिलाडि ों और स्टाफ से मिल रही थी, इस दौरान वह रोहित से भी मिली। हालांकि उन्होंने कहा कि वह पूर्व कप्तान को पहचान नहीं सकी। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नीता अंबानी मुंबई के बल्लेबाज रोहित शर्मा को देखने के बाद हैरान रह गईं। उन्होंने कहा कि रोहित मैं तुमको पहचान नहीं सकी, तुम काफी युवा लग रहे हो। रोहित तारीफ सुनने के बाद मुस्कुराते हुए दिखे।

# धर्मशाला में होंगे आईपीएल के तीन मैच



**धर्मशाला/सत्ता संदेश**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे चरण का शेड्यूल जारी होते ही हिमाचल को बड़ी खुशखबरी मिली है। दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदानों में शुमार हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को इस बार आईपीएल के तीन बड़े मुकाबले मिले हैं। पंजाब किंग्स की टीम इस बार अपने दूसरे होम ग्राउंड में दिल्ली, मुंबई और बंगलुरु जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी। एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब का पहला मुकाबला 11 मई को शाम साढ़े सात बजे दिल्ली के साथ होगा। दूसरे मुकाबले में 14 मई को साढ़े सात बजे ही मुंबई की टीम के साथ भिड़ंत होगी। तीसरा और आखिरी मुकाबला 17 मई को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से पंजाब और दिल्ली के बीच होगा।

इस बार धर्मशाला में भारतीय टीम के हिटमैन रोहित शर्मा, टी-20 कैप्टन 360 डिग्री खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, बूम-बूम जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, हार्दिक पांडया आादि का जलवा देखने को मिलेगा। बर्फ से ढकी पहाड़ियों के बीच होने वाले इन मैचों को लेकर न केवल हिमाचल के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग को भी इससे बड़ी उम्मीदें जगी हैं।

- 11 मई शाम 7.30 बजे पंजाब बनाम दिल्ली
- 14 मई शाम 7.30 बजे पंजाब बनाम मुंबई
- 17 मई दोपहर 3¬30 बजे पंजाब बनाम बंगलुरु

### 17 शहरों में 22 मुकाबले, बीसीसीआई ने जारी किया टीम इंडिया का होम शेड्यूल

**मुंबई/सत्ता संदेश**
भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम वर्ष 2026-27 में घरेलू मैदान पर चार देशों के खिलाफ 17 जगहों पर 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खलेंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय पुरुष टीम आगामी 2026-27 सीजन में अपने घरेलू मैदानों पर 17 जगहों पर 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने बताया कि घरेलू सीजन की शुरुआत 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के सफेद गेंद दौरे से होगी जिसमें पांच एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच शामिल हैं। यह सीरीज 17 अक्टूबर तक चलेगी, जिसके बाद श्रीलंका की टीम 13 से 27 दिसंबर तक तीन एकदिवसीय और उतने ही टी-20 मैचों के लिए दौरे पर आएगी। इसके बाद जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी।

# सीएसके के लिए संजू सैमसन के साथ कौन करेगा ओपनिंग



**चेन्नई/सत्ता संदेश**
चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्) के लिए IPL 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड़ ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फ़ाइनल कर लिया है। गायकवाड़ तीनों बल्लेबाज़ों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा, रुतु और संजू। आईपीएल 2025 में ओपनिंग करते हुए सात पारियों में 188.97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे को अब नीचे खेलना होगा। गायकवाड़ के इंज़री रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाले म्हात्रे पिछले सीजन सीएसके की खोज साबित हुए थे। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था और फरवरी में उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है।

2026 सीजन की नीलामी से पहले रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड के जरिए सैमसन को लाने के बाद से ही सीएसके की ओपनिंग जोड़ी को लेकर बात हो रही थी। सैमसन की ये डील आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े ट्रेड में से एक थी और टी20 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से तो उनका कद और बढ़ा है।

# युवा खिलाड़ी धोनी से प्रभावित हुए प्रशांत वीर



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के कैंप से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एमएस धोनी युवा ऑलराउंडर प्रशांत वीर की बल्लेबाजी की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। धोनी आमतौर पर खिलाड़ियों की कम ही तारीफ करते हैं, इसलिए उनका रिएक्शन चर्चा का विषय बन गया है। माना जा रहा है कि आईपीएल 2026 में यह खिलाड़ी ष्टस्य् के लिए बड़ा सरप्राइज साबित हो सकता है।

**प्रैक्टिस में प्राशांत वीर ने जीता धोनी का दिल**

प्रैक्टिस सेशन के दौरान प्राशांत वीर बल्लेबाजी कर रहे थे और विकेट के पीछे एमएस धोनी खड़े थे। वीर ने ऑफ साइड में शानदार शॉट लगाया, जिस पर धोनी तुरंत ÷शॉट÷ बोलते नजर आए। इसके बाद वीर ने एक शानदार स्कूप शॉट खेला, जिस पर धोनी ने बाउंड्री का इशारा किया।

इसके बाद उन्होंने सीधा स्ट्रेट ड्राइव खेला, जिसे देखकर धोनी फिर खुद को रोक नहीं पाए और उनकी तारीफ की। यह पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और फैंस भी इस युवा खिलाड़ी की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ष्टस्य् कैंप के अंदर भी वीर की बल्लेबाजी की काफी चर्चा हो रही है।

**कौन हैं प्राशांत वीर?**

प्रशांत वीर उत्तर प्रदेश के युवा ऑलराउंडर हैं, जो बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिन गेंदबाज हैं। वह आमतौर पर लोअर मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं और जरूरत पड़ने पर तेज रन भी बना सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद आईपीएल टीमों की नजर उन पर पड़ी थी।

आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्ज ने उन्हें 14.20 करोड़ में खरीदा था। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हो गए। सीएसके ने कार्तिक शर्मा को भी इसी कीमत में खरीदा था और दोनों संयुक्त रूप से सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने।

**घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन**

प्राशांत वीर ने अंडर-23 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 7 मैचों में 376 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 94 और स्ट्राइक रेट 128.76 रहा। इस दौरान उन्होंने 25 चौके और 14 छक्के लगाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 87 रन रहा। गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 मैच में 18 विकेट लिए और उनका इकॉनमी रेट 5.36 रहा। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी उन्होंने 3 मैच में 5 विकेट लिए और 40 रन बनाए।

**आईपीएल 2026 में सीएसके का पहला मैच**

5 बार की चैंपियन Chennai Super Kings आईपीएल 2026 में अपना पहला मैच Rajasthan Royals के खिलाफ 30 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगी। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और ष्टस्य् की टीम इस बार नए खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरेगी। टीम मैनेजमेंट और फैंस को इस सीजन में प्राशांत वीर से काफी उम्मीदें हैं। अगर उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है तो वह टीम के लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं। खास बात यह है कि धोनी का भरोसा मिलना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी बात माना जाता है।

आईपीएल 2026 के लिए Chennai Super Kings की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है। टीम में रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, संजू सैमसन, शिवम दुबे, डेवाल्ड ब्रेविस, आयुष म्हात्रे, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, खलील अहमद, नूर अहमद, जेमी ओवरटन, मथ्यू शॉर्ट, मुकेश चौधरी, राहुल चाहर, मैट हेनरी सहित कई मैच विनर खिलाड़ी शामिल हैं।